तापमान

अधिकतम 32.8 डिग्री

न्यूनतम 23.7 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 3 अक्टूबर 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



नगर निगम टाउन हाल के पीछे पसरी गंदगी।

खबर संक्षेप

ओपन यूनिवर्सिटी में 13 तक बढ़ाई गई प्रवेश तिथि

बिलासपुर। पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में शैक्षणिक सत्र जुलाई से जून 2026-27 के लिए विभिन्न आनलाइन एवं दूरस्थ शिक्षा पाठयक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। पहले प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 सितंबर तक थी, जिसे यूजीसी के पत्र आने के बाद 13 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है। पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में शैक्षणिक सत्र जुलाई-जून 2026-27 के लिए आनलाइन शिक्षा अंतर्गत आनलाइन प्रवेश की अंतिम तिथि 15 सितंबर निर्धारित की गई थी। लेकिन यूजीसी ने प्रवेश तिथि बढ़ाए जाने के संबंध में पत्र जारी किया है प्रवेश की तिथि 13 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है। ओपन यूनिवर्सिटी द्वारा इस सत्र स्नातक, स्नातकोत्तर, पीजी डिप्लोमा एवं डिप्लोमा स्तर के कुल 26 पाठयक्रमों में प्रवेश दिया जा रहा है।

खेल परिसर में लगी लाइट में 70 लाख की गड़बड़ी | रायपुर की ठेका कंपनी का 30 लाख का भुगतान रोका गया

500 वाट का बल्ब लगाकर एक हजार वाट का बिल निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर नगर निगम गड़बड़ियों और भ्रष्टाचार का गढ़ बनता जा रहा है। ताज एक मामले में खेल परिसर में लगी लाइट में 70 लाख की गड़बड़ी हुई है। खेल परिसर में फ्लड लाइट लगाने के लिए 4 बड़े पोल लगाए गए। प्रत्येक पोल में 50 बल्ब लगाए जाने थे। रायपुर की ठेका कंपनी ने यहां 500 वाट का बल्ब लगाया और एक हजार वाट के बल्ब लगाने का बिल लगाकर भुगतान प्राप्त कर लिया। मामले में निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने जोन क्रमांक 3 के कार्यपालन अभियंता प्रवीण शुक्ला और जोन क्रमांक 3 के ही सहायक अभियंता भिमेन्द्र गौतम को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इसके साथ ही रायपुर की ठेका कंपनी दीपक इलेक्ट्रिकल की 30 लाख रुपए की भुगतान की राशि रोक दी गई है। यह भी जानकारी मिल रही है कि दोनों इंजीनियरों ने इस गड़बड़ी को त्रुटिवश बताया है।

दरअसल बिलासपुर के खेल परिसर मैदान में अगस्त 2025 में ब्राह्मण प्रीमियर लीग का आयोजन



किया गया था। इस फ्लड लाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रकाश व्यवस्था के लिए नगर निगम ने टेंडर जारी किया। रायपुर, बिलासपुर और कोरबा की चार ठेका कंपनियों ने इसमें निविदा डाली। रायपुर की दीपक इलेक्ट्रिकल को यहां फ्लड लाइट लगाने का टेंडर एक करोड़ 50 लाख में प्राप्त हुआ। फ्लड लाइट के लिए मैदान के चारों ओर चार बड़े खंबे लगाए गए। प्रत्येक बड़े पोल में 50 बल्ब लगाए जाने थे। इस तरह कर चार बड़े पोल में 100 बल्ब लगाने की जिम्मेदारी दीपक इलेक्ट्रिकल ने उठाई। उसे डेढ़ करोड़ का काम दिया गया। दीपक इलेक्ट्रिकल की ओर से लेकिन 500 वाट का बल्ब लगाया गया और बिल बनाया गया 1000 वाट के बल्ब का।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

नान एसओआर के दर पर हुई खरीदी

नगर निगम की ओर से इसमें किसी प्रकार की कोई जांच नहीं की गई और डेढ़ करोड़ रुपए का भुगतान भी कर दिया गया। बाद में जब नगर निगम के एमआईसी मेंबर और बिजली विभाग के प्रभारी विजय तामकार को इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने इसकी शिकायत नगर निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे से की। शिकायत में अधिक बिल भुगतान से लेकर ठेकेदार द्वारा की गई गड़बड़ियों का जिक्र था। आयुक्त ने मामले की जांच के लिए चार सदस्य कमेटी बनाई जिसमें नगर निगम के बिजली विभाग के इंजीनियर नीलेश पटेल और दूसरे अधिकारी शामिल थे। जांच में शिकायत सही पाई गई और पाया गया कि बल्ब 500 वाट की हैं। इसके बाद नगर निगम के कार्यपालन अभियंता प्रवीण शुक्ला और सब इंजीनियर भीमेंद्र गौतम को नोटिस जारी किया गया। नोटिस में दोनों अधिकारियों से पूछा गया कि फ्लड लाइट का दर इलेक्ट्रिकल शेडयूल आफ रेट्स (एसओआर) में उपलब्ध होने के बावजूद इसकी खरीदी नान एसओआर दर के आधार पर क्यों की गई। इसके साथ ही 26 लाख 72 हजार रुपए का भुगतान भी ठेकेदार को किस आधार पर किया गया।

जोन क्रमांक 3 से टेंडर और भुगतान पर सवाल

इस पूरे मामले में खास बात यह है कि खेल परिसर का क्षेत्र जोन क्रमांक 7 के अंतर्गत आता है जबकि फ्लडलाइट लगाने का टेंडर जोन क्रमांक 3 से किया गया। कायदे से यह टेंडर जोन क्रमांक 7 से या फिर निगम मुख्यालय के बिजली विभाग की ओर से किया जाना था। सवाल इस बात का भी है कि आखिर पूरी बीलिंग से लेकर के टेंडर की पूरी प्रक्रिया जोन क्रमांक 3 से क्यों की गई। इससे भी बड़ी बात की टेंडर के साथ ही लाइट लग गई और भुगतान भी हो गया लेकिन किसी अधिकारी को कानों कान तक खबर नहीं लगी। एकाउंट विभाग में जब बिल भुगतान के लिए पहुंचा और बिजली विभाग के लोगों को इसकी जानकारी मिली तब इस मामले का खुलासा हुआ। इस मामले में नगर निगम के बड़े अधिकारियों पर भी सवाल उठ रहे हैं कि आखिर इसे दबाया क्यों जा रहा है और अभी तक किसी पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

कार्रवाई होनी चाहिए

मैं निगम के बिजली विभाग का चेयरमैन हूं लेकिन मुझे इस बात की कोई जानकारी नहीं दी गई। पूरी प्रक्रिया जोन 3 से की गई जो कि गलत है। बाद में जानकारी मिलने पर आपत्ति की गई और जांच कराई गई। जांच में गड़बड़ी की पुष्टि हुई है। ठेकेदार के साथ ही संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

- **विजय तामकार,** चेयरमैन, बिजली विभाग

अधिकारी मनमानी कर रहे

इस बारे में किसी प्रकार की जानकारी मेरे पास नहीं है। वैसे भी निगम अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। कौन सा काम या टेंडर कब किया जा रहा है, क्यों किया जा रहा कुछ नहीं बताया जा रहा है। एमआईसी मेंबर के साथ ही अधिकारियों से इसकी जानकारी लेकर ही कुछ कहा जा सकता है।

- **पूजा विधानी,** महापौर

नोटिस दिया गया

जोन क्रमांक 3 के कार्यपालन अभियंता और सहायक अभियंता को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था। जवाब आ चुका है उसका परीक्षण करते हुए आगे की कार्रवाई होगी साथ ही रायपुर की ठेका कंपनी की भुगतान की राशि रोक दी गई है।

- **प्रकाश कुमार सर्वे,** निगम आयुक्त

सितंबर माह में 2 हजार 26 राशन कार्डधारियों ने उठाया चावल

ग्रेन एटीएम से चावल उठाव के मामले में बिलासपुर को देश में पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अगस्त महीने में स्थापित किए गए जिले के पहले ग्रेन एटीएम ने अपनी स्थापना के दूसरे महीने में ही खाद्यान्न के उठाव के मामले में देश में पहला स्थान प्राप्त कर लिया है। आज की स्थिति में देश में 52 ग्रेन एटीएम स्थापित हैं, जिनमें सितंबर माह के केवल 30 दिनों में ही 2 हजार 26 राशन कार्डों से सर्वाधिक 667. 64 क्विंटल चावल का उठाव बिलासपुर जिले में किया गया है।

राशन कार्डधारियों को खाद्यान्न के लिए राशन दुकान की लंबी लाईन से छुटकारा दिलाने 8 अगस्त को सरकंडा में ग्रेन एटीएम की स्थापना की गई थी। अभी इसकी स्थापना को डेढ़ महीने ही हुए हैं और इसकी सफलता की कहानी सुनाई पड़ने लगी है। खाद्य विभाग के अनुसार सितंबर महीने में देश भर के ग्रेन एटीएम से किए गए उठाव के आंकड़ों के मुताबिक बिलासपुर जिले के एटीएम को पहला नंबर प्राप्त हुआ है। जिले में एक महीने के भीतर सर्वाधिक 2 हजार 26 राशन कार्डधारियों ने 667. 64 क्विंटल चावल का उठाव किया है। खाद्य विभाग द्वारा हितग्राहियों की सुविधा एवं उनकी ओर से आने वाली मांग को ध्यान में रखते हुए ग्रेन एटीएम के संचालन की टाईमिंग में भी बढ़ोतरी करने पर विचार किया जा रहा है। अभी इसका संचालन सुबह नौ बजे से रात नौ बजे तक किया जा रहा है।

667 क्विंटल चावल का उठाव



उठने लगी शहर के भीतर भी एक ग्रेन एटीएम स्थापना की मांग

शहर में स्थापित किया गया पहला ग्रेन एटीएम अरपा पार अपनी सेवाएं दे रहा है। केवल डेढ़ महीने में ही बेहतर सुविधा के कारण हितग्राहियों के बीच अपनी जगह बनाने के कारण अब हितग्राही शहर के भीतर भी एक ग्रेन एटीएम स्थापित करने की मांग करने लगे हैं। हालांकि शहर के भीतर भी एक ग्रेन एटीएम स्थापित हो पाएगा या नहीं यह फिलहाल मुख्यालय स्तर का मामला है।

लाभ लेने वालों की संख्या बढ़ रही

शहर में अगस्त के दूसरे सप्ताह में ग्रेन एटीएम स्थापित किया गया था। इस सुविधा का लाभ लेने वाले हितग्राहियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सितंबर महीने में कुल 2 हजार 26 राशन कार्डधारियों ने इसका उपयोग किया, जो पूरे देश में सर्वाधिक संख्या है। कार्डधारी अब शहर के भीतर भी ग्रेन एटीएम स्थापित करने की मांग करने लगे हैं। हितग्राहियों की मांग मुख्यालय स्तर पर जरूर रखी जाएगी।

- **अमृत कुजूर,** खाद्य नियंत्रक

राजीव प्लाजा का मामला

फोन बंद कर भागे 3 कर्मचारी

पिता के इलाज में व्यस्त रहा कारोबारी, दुकान से कर्मचारियों ने सवा लाख का सामान किया पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

व्यावसायिक परिसर राजीव प्लाजा स्थित मोबाइल पार्ट्स और रिपेयरिंग दुकान में चोरी का मामला सामने आया है। पिता की गंभीर बीमारी और इलाज के दौरान दुकान मालिक के गैर-मौजूदगी में कर्मचारियों ने स्टॉक से 1.22 लाख रुपए के कॉम्बो और रिपेयरिंग पार्ट्स गायब कर दिया है। इसकी भनक दुकान मालिक को लगने के बाद कर्मचारियों के मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की गई है लेकिन तीनों कर्मचारियों का मोबाइल बंद मिल रहा है।

तारबहार पुलिस के अनुसार तोरवा देवरीखुर्द निवासी निरंकार चंद्रमलघानी पिता स्व गोपी चंद्रमलघनी की राजीव प्लाजा में जीएम मोबाइल नाम से मोबाइल पार्ट्स व रिपेयरिंग की दुकान है। दुकान में 9 कर्मचारी कार्यरत हैं। संचालक के पिता का स्वास्थ्य लगातार खराब रहने के कारण उन्हें इलाज के लिए अक्सर रायपुर और मुंबई लेकर जाना पड़ता था। इस दौरान वे दुकान की जिम्मेदारी अपने एक कर्मचारी अजय वैष्णव को सौंपकर जाते थे। हाल ही में पिता के निधन के बाद संचालक जब 8 सितंबर को दुकान पहुंचे और लैपटॉप पर स्टॉक का मिलान किया, तो भारी गड़बड़ी सामने आई। मालिक ने जब स्टॉक मिलान कर पूछताछ की, तो तीन कर्मचारी मोबाइल बंद कर दुकान से भाग खड़े हुए। पीड़ित व्यापारी की शिकायत पर तारबहार पुलिस ने संदेह के आधार पर तीनों कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दुकान संचालक ने सख्ती से पूछताछ करने पर नितेश गुप्ता, साहिल नरवारे और सचिन श्रीवास टालमटोल करने लगे। आपस में कुछ बातचीत करने के बाद तीनों किसी बहाने से दुकान से बाहर निकले और अपने मोबाइल फोन बंद कर फरार हो गए। इसके बाद से वे काम पर भी नहीं लौटे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पानी से नहीं निकला मगरमच्छ बाहर, इंतजार कर रहा अमला

बिलासपुर। खोंगसरा के जोगी तालाब में एक बड़े मगरमच्छ ने पूरे गांव में दहशत मचाकर रखा हुआ है। विभागीय टीम मगरमच्छ का रेस्क्यू करने के लिए बाहर निकलने का इंतजार करने के साथ ग्रामीणों को समझाइश भी दे रही है। पिछले दो तीन से बिलासपुर वन मंडल अंतर्गत कोटा वन परिक्षेत्र के खोंगसरा में बने जोगी तालाब में एक बड़ा मगरमच्छ पहुंच गया है। तालाब का पानी ग्रामीणों के नहाने और अन्य



दिनचर्या के लिए काम आता है। एक दिन पहले तालाब में स्नान करने के लिए गई महिलाओं ने अचानक मगरमच्छ को देखा, जिसके कारण वे भयभीत होकर चिल्लाना शुरु कर दिया। महिलाओं की आवाज सुनकर ग्रामीण बड़ी संख्या में तालाब के पास एकत्रित हो गए। वहीं सूचना मिलते ही कोटा वन परिक्षेत्र के उप वनमंडलाधिकारी अनिल भास्करन, बेलगहना वन परिक्षेत्र की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को अलर्ट करने के साथ चारों ओर सुरक्षा घेरा लगाया। इस संबंध में एसडीओ श्री भास्करन ने बताया कि मगरमच्छ के कारण ग्रामीण दहशत में हैं।

टाइगर के सुरक्षित आवास के लिए एटीआर का जागरूकता अभियान

बिलासपुर। वन्यप्राणी सप्ताह का आयोजन 2 से 8 अक्टूबर तक बिलासपुर वन मंडल के साथ अचानकमार टाइगर रिजर्व में भी किया जा रहा है। इसके तहत पहले दिन टाइगर रिजर्व के अलग-अलग क्षेत्रों से पैदल, सायकल और बाइक जागरूकता रैली निकालकर वन्यप्राणियों की सुरक्षा, उनके प्राकृतिक आवास के संरक्षण और जंगल के आसपास रहने वाले लोगों से संवेदनशीलता बढ़ाने का संदेश दिया गया। इस वर्ष वन्यप्राणी सप्ताह की थीम कनेक्टिंग हैबिटेट्स, श्रीविंग वाइल्डलाइफ यानि जुड़े आवास, समृद्ध वन्यजीवन रखी गई है। थीम के अनुरूप वन्यजीव के लिए सुरक्षित और जुड़े हुए आवास की जरूरत के साथ संरक्षण में स्थानीय समुदाय की भागीदारी पर जोर दिया जा रहा है।

स्टेशन मास्टर की फुर्ती ने बचाई महिला की जान

बच्चों ने स्टेशन मास्टर से कहा.... मौसी ट्रेन के सामने आने वाली है, स्टेशन मास्टर दौड़ पड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बच्चों की सूझबूझ और स्टेशन मास्टर की फुर्ती के कारण एक महिला की ट्रेन के सामने आने से जान बच गई। बच्चों ने अचानक महिला को देखकर स्टेशन मास्टर से कहा कि अंकल मौसी ट्रेन के सामने आने वाली है, जिसे सुनकर स्टेशन मास्टर तत्काल महिला की जान बचाने दौड़ पड़े और ट्रेन आने से पहले ही हाथ पकड़कर उन्हें खींच लिया।

कभी कभी छोटी सी सतर्कता भी एक पूरी जिंदगी को बचा लेती है, ऐसा ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के स्टेशन में भी हुआ। कुछ दिन पहले करीब 12.38 बजे स्टेशन मास्टर आनंद उपाध्याय अपनी ड्यूटी पर थे। इस दौरान ट्रेन के लिए सिग्नल का अदान-प्रदान करने के लिए प्लेटफार्म पर आए थे। प्लेटफार्म पर सब सामान्य था। इसी समय एक छोटा बच्चा घबराता हुआ उनके पास दौड़कर आया। बच्चे ने घबराते हुए कहा कि उसकी मौसी ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान देने वाली है। बच्चे की बात को गंभीरता से लेते हुए स्टेशन मास्टर श्री उपाध्याय



ने तत्काल उस ओर देखा, जहां महिला खड़ी हुई थी। स्टेशन मास्टर बिना एक पल गंवाए उस दिशा की ओर दौड़ा, जहां एक महिला ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान देने के इरादे से ट्रैक के बेहद करीब खड़ी हुई थी। इस समय एक मालगाड़ी तेज गति से वहां आ रही थी। उन्होंने पूरी तत्परता और ताकत से महिला का हाथ पकड़ा और उसे ट्रैक से दूर खींच लिया। महिला के ट्रैक से हटते ही कुछ ही सेकेंड में मालगाड़ी तेज गति से वहां से गुजर गई। स्टेशन मास्टर श्री उपाध्याय की त्वरित कार्रवाई से संभावित अनहोनी टल गई।

सम्मानित होंगे स्टेशन मास्टर

स्टेशन मास्टर ने महिला और दोनों बच्चों को संभालकर तत्काल रेलवे सुरक्षा बल को सूचित किया। आरपीएफ की टीम ने महिला की काउंसलिंग की। कुछ देर बाद महिला की माता भी स्टेशन पहुंच गई और वे अपनी बेटी को सुरक्षित घर ले गई। इस पूरी घटना में उस छोटे बच्चे की सजगता और स्टेशन मास्टर आनंद उपाध्याय की सतर्कता, तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और एक परिवार को बिखरने से बचा लिया। रेल प्रशासन ने स्टेशन मास्टर आनंद उपाध्याय के इस साहसिक और मानवीय कार्य की सराहना करते हुए सम्मानित करने का निर्णय लिया है।



खबर संक्षेप

विश्वविद्यालय और भारतीय जैन संघटना के बीच एमओयू



बिलासपुर। गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में 'स्वागत संवाद 2026' आयोजित किया गया। कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल एवं कुलसचिव प्रो. अश्विनी कुमार दीक्षित की उपस्थिति में विश्वविद्यालय और भारतीय जैन संघटना के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। श्री चक्रवाल ने जीजीवी शिक्षा मित्र संस्कार योजना के बच्चों के साथ संवाद विशेष किया। भारतीय जैन संघटना की ओर से अमरेश जैन, सचिव, बीजेएस, रायपुर संजय जैन, अजय जैन, अभिनव जैन , प्रो. अनुपमा सक्सेना, प्रो. भारती अहिरवार, प्रो. हरित झा, प्रो. नीलकंठ पाणिग्रही, डॉ. अर्चना यादव, प्रो. प्रतिभा जे. मिश्रा, प्रो. सस्मिता पटेल, डॉ. संग्या त्रिपाठी, डॉ. संदीप मोरिशेट्टी आदि मौजूद थे।

सीएमडी कॉलेज के विद्यार्थियों ने की परिसर की सफाई



बिलासपुर। सीएमडी कालेज में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ शासी निकाय के कार्यकारी अध्यक्ष अमन दुबे ने किया। श्री दुबे ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छ भारत का सपना देखा था, जिसे साकार करने के लिए वर्ष 2014 से स्वच्छ भारत मिशन संचालित किया जा रहा है। शासी निकाय के अध्यक्ष पं. संजय दुबे ने कहा कि गांधी जयंती पर स्वच्छता के लिए एक घंटा देना राष्ट्रपिता के प्रति सच्ची स्वच्छांजलि है। अभियान के दौरान महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई की गई। कार्यक्रम का संचालन लेफ्टिनेंट रोहित लहरे ने किया। प्राचार्य डॉ. संजय सिंह ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपप्राचार्य डॉ. केके जैन, डॉ. केके शुक्ला आदि मौजूद थे।

कृष्णा पब्लिक स्कूल कोनी में मना ग्रैंडपेरेंट्स डे और गांधी जयंती



बिलासपुर। कृष्णा पब्लिक स्कूल कोनी में ग्रैंडपेरेंट्स डे एवं गांधी जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि कृष्णकांत मिश्रा ने किया। प्रिंसिपल रुन्की अम्बस्थ तथा वाइस प्रिंसिपल रमन मिश्रा के नेतृत्व में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। ग्रैंडपेरेंट्स प्रतियोगिता के विजेताओं में प्रथम केजी 2 के छात्र प्रभात पाल की दादी रजनी पाल, द्वितीय केजी 2 के छात्र जिज्ञांश वस्त्रकार के दादा-दादी डी. आर वस्त्राकर कौशिल्या देवी वस्त्रकार, तृतीय विजेता केजी 2 के छात्र कृशांत मिश्रा के दादा कृष्णकांत मिश्रा रहे। विद्यालय की डायरेक्टर सविता त्रिपाठी व वेदांष त्रिपाठी , प्राचार्या रुनकी अम्बष्ट, उप-प्राचार्य रमन मिश्रा, परबोध गुप्ता, अजय कुमार पाण्डेय आदि का योगदान रहा।

यूथ कांग्रेस चुनाव में 9739 लोगों का वोट होगा निरस्त

बिलासपुर। यूथ कांग्रेस संगठन चुनाव में 9 हजार 739 लोगों के वोट निरस्त होंगे। क्योंकि इन लोगों को उम्मीदवारों द्वारा सदस्य बनाकर आनलाइन वोटिंग तो करा दिया गया, किन्तु उनके सदस्यता शुल्क ही जमा नहीं हुए। आनलाइन वोटिंग के साथ ही सदस्यता शुल्क जमा करने की तिथि भी अब समाप्त हो गई है।

यूथ कांग्रेस चुनाव तहत आनलाइन वोटिंग समाप्त हो गई है और अब जो यूथ कांग्रेस के एप माध्यम से वोट डाले गए है उनकी स्क्रूटनी होगी। इधर बिलासपुर जिले में शहर व ग्रामीण मिलाकर कुल 1 लाख 49 हजार 833 वोटिंग हुई है। इसमें से 9 हजार 739 वोट बेकार चले जाएंगे, क्योंकि यूथ कांग्रेस के चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों ने सदस्य बनाकर आनलाइन वोटिंग तो करा दी, किन्तु सदस्यता शुल्क ही जमा नहीं कराया गया। इस तरह जब सदस्यता शुल्क ही जमा नहीं हुआ तो उनके द्वारा डाले गए वोट वैध नहीं माने जाएंगे। यूथ कांग्रेस संगठन चुनाव के लिए 30 अगस्त से छत्तीसगढ़ में आनलाइन वोटिंग के साथ सदस्यता अभियान शुरू हुआ था, जो 29 सितंबर तक चला। इस तरह से अब आनलाइन वोटिंग कराने और सदस्यता बनाने का सिलसिला थम गया है। ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने की होड़ में यूथ कांग्रेस चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों ने जल्दबाजी में आनलाइन सदस्य बनाकर वोटिंग तो करा दी, किन्तु उनमें से बहुत से सदस्यों का 75-75 रुपए सदस्यता शुल्क ही जमा नहीं हुआ था। इसलिए संगठन ने जो वोटिंग कर चुके थे उनकी सदस्यता शुल्क जमा करने के लिए गुरुवार 1 अक्टूबर के रात 12 बजे तक की मोहलत दी थी। बिलासपुर जिले में शहर और ग्रामीण मिलाकर कुल 1 लाख 49 हजार 833 आनलाइन वोटिंग कराया गया है, जिनमें से 1 लाख 40 हजार 94 लोगों का सदस्यता शुल्क पटाया गया है और 9 हजार 739 लोगों का सदस्यता शुल्क जमा नहीं हुआ है। बिलासपुर शहर की बात करें तो कुल 30 हजार 239 वोटिंग हुई है, जिसमें से 28 हजार 734 लोगों का सदस्यता शुल्क जमा हुआ है और 1505 लोगों का शुल्क जमा नहीं हुआ। इसी तरह बिलासपुर ग्रामीण में 1 लाख 19 हजार 594 वोटिंग में से 1 लाख 11 हजार 360 लोगों का शुल्क जमा हुआ और 8 हजार 234 लोगों का सदस्यता शुल्क जमा नहीं हुआ। इसलिए जिनके सदस्यता शुल्क जमा नहीं हुए उनके वोट स्क्रूटनी दौरान निरस्त हो जाएंगे।

- वोटिंग की पर सदस्यता शुल्क ही जमा नहीं हुआ

ननि में चीफ इंजीनियर की कुर्सी खाली, एसई भी प्रभारी

बिलासपुर। बिलासपुर नगर निगम में चीफ इंजीनियर राजकुमार मिश्रा के रिटायरमेंट के बाद अब चीफ इंजीनियर की कुर्सी खाली हो गई है। वहीं चीफ इंजीनियर के लायक निगम में कोई इंजीनियर नहीं है, इसलिए यह माना जा रहा है कि निगम बिना चीफ इंजीनियर के चलेगा और प्रत्येक दो करोड़ से ऊपर के काम के स्वीकृति के लिए रायपुर की दौड़ लगानी पड़ेगी।

नगर निगम बिलासपुर में चीफ इंजीनियर राजकुमार मिश्रा 30 सितंबर को रिटायर हो गए। उनके रिटायरमेंट के बाद निगम में चीफ इंजीनियर का पद खाली हो गया है और ऐसा कोई भी सीनियर इंजीनियर नहीं बचा है, जिसे चीफ इंजीनियर की कुर्सी पर बिठाया जा सके, क्योंकि चीफ इंजीनियर की प्रभार अधीक्षण अभियंता एसई स्तर के इंजीनियर को दिया जाता है और नगर निगम में एसई ही नहीं है। एसई का प्रभार कार्यपालन अभियंता ईई एसपी साहू को देकर काम चलाया जा रहा है। ऐसे में जब एक ईई एसई के प्रभार में पहले से चल रहा है तो उन्हें चीफ इंजीनियर का दोहरा प्रभार नहीं दिया जा सकता। वैसे भी चीफ इंजीनियर के प्रभार संबंधी आदेश शासन के नगरीय प्रशासन विभाग से जारी होता है। निगम में चीफ इंजीनियर की कुर्सी खाली हो जाने से आगे समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। एक तो दो करोड़ रुपए से अधिक के कार्य, टेंडर की स्वीकृति, तकनीकी स्वीकृति के लिए चीफ इंजीनियर को फाइल भेजी जाती है, वहीं तकनीकी मार्गदर्शन भी चीफ इंजीनियर द्वारा दिया जाता है। निगम में चीफ इंजीनियर नहीं होने से अब हर दो करोड़ से बड़े काम के लिए निगम के इंजीनियर, अधिकारियों को रायपुर नगरीय प्रशासन विभाग की दौड़ लगानी पड़ेगी और वहां के चीफ इंजीनियर द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाएगी। नगर निगम कार्यपालन अभियंता ईई प्रवीण शुक्ला जोन नंबर 3 व 7 के कार्यपालन अभियंता थे। 30 सितंबर को ईई श्री शुक्ला भी रिटायर हो गए हैं।

- बड़े कार्यों की स्वीकृति लिए रायपुर लगानी पड़ेगी दौड

शासन से मांग की जाएगी

नगर निगम के चीफ इंजीनियर रिटायर हो गए हैं और फिलहाल निगम में चीफ इंजीनियर का पद खाली है। चीफ इंजीनियर के प्रभार देने उस स्तर के इंजीनियर नहीं है, इसलिए शासन से चीफ इंजीनियर के लिए मांग की जाएगी।

-प्रकाश सर्वे, आयुक्त नगर निगम

एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों में भीड़ से वेटिंग का आंकड़ा पहुंचा शतक पार

एलटीटी-सांतरागाछी के बीच 4 फेरे लगाएगी स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नवरात्रि पर्व को कुछ दिन बचे हैं, जिसमें तीर्थ स्थल तक जाने के लिए एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ने के कारण वेटिंग का आंकड़ा शतक पार हो गया है। हरिभूमि ने इस खबर को 30 सितम्बर को प्रकाशित किया था, जिसपर रेल प्रशासन ने गंभीरता दिखाते हुए एक ट्रेन एलटीटी से सांतरागाछी के चार फेरे के लिए शुरु करने का आदेश जारी कर दिया है।

खबर का असर

प्रतिवर्ष पितृ पक्ष की समाप्ति और नवरात्रि पर्व की शुरुआत होने के साथ ही लंबी दूरी की सभी ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ शुरु हो जाती है। बिलासपुर जोनल स्टेशन से चलने वाली ट्रेनों में ज्यादातर यात्री हावड़ा की ओर कामख्या मंदिर, रायगढ़ में चंद्रहासिनी के अलावा कटनी मुड़वारा की ओर चलने वाली ट्रेनों में मैहर मां शारदा मंदिर और मुम्बई की ओर जाने वाली ट्रेनों में मां बम्बलेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ की ओर सफर करते हैं। इसकी वजह से जनरल कोच के साथ स्लीपर में भी यात्री जबरदस्ती बैठकर कंफर्म बर्थ वाले यात्रियों को परेशान करते हैं। यात्रियों की भीड़ को कम करने और तीर्थ स्थल तक जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेलवे बोर्ड की ओर से सभी रेलवे के लिए 100 से अधिक स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा तो कर दी थी, लेकिन यह आदेश बिलासपुर जोन मुख्यालय तक नहीं पहुंच सका था। स्पेशल ट्रेन की घोषणा नहीं होने के कारण सभी एक्सप्रेस ट्रेनो के स्लीपर कोच में वेटिंग का आंकड़ा 100 से अधिक और एसी थर्ड में वेटिंग 57 से अधिक होने से कंफर्म बर्थ की मुश्किल हो रही थी। इस खबर को 30 सितम्बर के अंक में हरिभूमि ने प्रकाशित किया था। इस खबर के प्रकाशित होने के बाद रेल प्रशासन ने यात्रियों की परेशानियों को देखते हुए शुक्रवार को एक स्पेशल ट्रेन एलटीटी से सांतरागाछी के बीच चार फेरे के लिए परिचालन करने का आदेश जारी किया है। गाड़ी संख्या 01107 एलटीटी-सांतरागाछी पूजा स्पेशल साप्ताहिक ट्रेन एलटीटी से 6 से 27 अक्टूबर तक प्रत्येक मंगलवार को और गाड़ी संख्या 01108 सांतरागाछी-एलटीटी पूजा स्पेशल साप्ताहिक ट्रेन सांतरागाछी से 8 से 29 अक्टूबर तक प्रत्येक गुरुवार को चलेगी। गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर एवं रायगढ़ स्टेशनों के अलावा दोनों दिशाओं में ठाणे, कल्याण, ईगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, मलकापुर, अकोला, बडनेरा, नागपुर, गोंदिया, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, झारसुगुड़ा, राउरकेला, चक्रधरपुर, टाटानगर तथा खड़गपुर स्टेशनों में दिया जाएगा। स्पेशल ट्रेन में 02 पावरकार, 15 एसी-थ्री, 03 एसी-टू, 1 एसी-फर्स्ट, 1 पेंट्रीकार सहित कुल 22 एलएचबी कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी।



नहीं मिली जगह, विकलांग कोच में सफर कर रहे सामान्य यात्री।

दोपहर 16.45 बजे पहुंचेगी बिलासपुर : गाड़ी संख्या 01107 एलटीटी-सांतरागाछी पूजा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक मंगलवार को 20.20 बजे रवाना होकर मार्ग के अन्य मध्यवर्ती स्टेशनों से होते हुए दूसरे दिन गोंदिया 12.04 बजे, दुर्ग 14.15 बजे, रायपुर 14.55 बजे होते हुए बिलासपुर स्टेशन 16.45 बजे पहुंचकर 16.55 बजे प्रस्थान कर रायगढ़ 18.33 बजे तीसरे दिन सुबह 5.00 बजे सांतरागाछी स्टेशन पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 01108 सांतरागाछी-एलटीटी पूजा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक गुरुवार को 11 बजे रवाना होकर रायगढ़ 20.08 बजे होते हुए बिलासपुर 22.25 से 22.35 बजे तक होकर देर रात रायपुर 00.05 बजे, दुर्ग 1.10 बजे, गोंदिया 3.08 बजे होते हुए रात 21.30 बजे एलटीटी स्टेशन पहुंचेगी।

एसईसीएल में स्वच्छता ही सेवा हैप्पी रन का आयोजन



बिलासपुर। गांधी जयंती पर एसईसीएल में स्वच्छता ही सेवा अभियान एवं स्पेशल कैंपेन 6.0 के अंतर्गत वसंत विहार कॉलोनी से 'स्वच्छता ही सेवा हैप्पी रन' आयोजित की गई, जिसमें एसईसीएल के निदेशक मंडल से निदेशक मानव संसाधन बिरंची दास, निदेशक वित्त मुख्य सतर्कता अधिकारी डी सुनील कुमार, हिमांशु जैन, विभागाध्यक्ष, अधिकारी, कर्मचारियों ने भाग लिया। हैप्पी रन वसंत विहार कॉलोनी से प्रारंभ होकर एसईसीएल मुख्यालय नेहरू शताब्दी नगर स्थित गांधी उद्यान में संपन्न हुई। गांधी उद्यान में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन शामिल हुए। इस अवसर पर निदेशक मंडल के सदस्य, मुख्य सतर्कता अधिकारी, विभागाध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सीएमडी हरीश दुहन, निदेशक मंडल सीवीओ एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। पौधरोपण कर सभी ने स्वच्छता की शपथ ली। कार्यक्रम का संचालन वरुण शर्मा ने किया।

रानीगांव में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर व सम्मान समारोह





बिलासपुर। महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर रानीगांव में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रथम हॉस्पिटल के संचालक डॉ. रजनीश पाण्डेय तथा सरपंच दिव्या कोरी की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. रजनीश पाण्डेय ने स्वसहायता समूह की सक्रिय महिलाओं एवं गांव के बुजुर्ग सहित 60 लोगों को सम्मानित किया। रानीगांव को पूर्णतः अपराध मुक्त एवं आदर्श ग्राम बनाने शपथ दिलाई। विशिष्ट अतिथि अनिल पाण्डेय, अजय सूर्यवंशी, रहस गडेवाल, भागवत कोरी, देवांगन, महेश नापित, पंकज सिंह, देवेंद्र साहू, निखिल पांडे आदि मौजूद थे।

बिजनेस प्लस

फायदे के 20 दिन में फायदा लेने का आज अंतिम दिन

बिलासपुर। राठी'स बिल्ड मार्ट का विशेष फायदे के 20 दिन अभियान का आज अंतिम दिन है। पिछले 20 दिनों में हजारों परिवारों और ग्राहकों ने इस का लाभ उठाया है। इस अभियान में केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि समीपवर्ती ओडिशा, मध्य प्रदेश और विदर्भ सहित महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों से भी ग्राहक जुड़े और अपनी निर्माण एवं इंटीरियर जरूरतों के लिए खरीदारी की। फायदे के 20 दिन अभियान के तहत ग्राहकों को निर्माण और इंटीरियर फिनिशिंग से जुड़ी विभिन्न श्रेणियों में 100+ ब्रांड्स के उत्पादों के साथ खरीदारी का अवसर मिला। राठी'स बिल्ड मार्ट में टाइल्स, स्टोन्स, सैनिटरी, बाथ फिटिंग्स, वैलनेस प्रोडक्ट, प्लाईवुड, वेनियर, लैमिनेट, हार्डवेयर फिटिंग्स तथा एल्युमिनियम विंडोज जैसी प्रमुख श्रेणियां उपलब्ध हैं। यहाँ एक स्टोर में ग्राहकों को अपनी आवश्यकता और बजट के अनुसार किफायती विकल्पों से लेकर प्रीमियम और लग्जरी उत्पादों तक चयन करने का अवसर मिलता है। इस अभियान में नया घर बनाने वाले परिवारों के साथ-साथ प्रीमियम एवं लग्जरी होम ग्राहक, रेनोवेशन और इंटीरियर कराने वाले ग्राहक, आर्किटेक्ट, इंटीरियर डिजाइनर, बिल्डर्स और कॉन्ट्रैक्टर्स भी शामिल हुए हैं। बड़े प्रोजेक्ट्स के लिए प्रोजेक्ट सप्लाई और बल्क सप्लाई की सुविधा के साथ होटल, हॉस्पिटल, कॉर्पोरेट ऑफिस, स्कूल और अन्य कमर्शियल एवं संस्थागत प्रोजेक्ट्स की जरूरतों के लिए भी विभिन्न उत्पाद विकल्प उपलब्ध हैं। ग्राहकों को एक ही स्थान पर निर्माण और इंटीरियर से जुड़ी अनेक जरूरतों के लिए विकल्प उपलब्ध कराए गए हैं। इसके बाद फायदे के 20 दिन के तहत उपलब्ध विशेष लाभ समाप्त हो जाएंगे।



फेस्टिवल ऑफर को मिल रहा अच्छा रिस्पांस

बिलासपुर। बिरकोना रोड अशोक नगर में रियल स्टेट द्वारा तैयार की गई कालोनी में बनाए गए मकानों की बुकिंग जोरों पर है। राज कंस्ट्रक्शन द्वारा तैयार किए गए प्रोजेक्ट में बहुत ही कम संख्या में अपार्टमेंट बचे हैं। पहले आए पहले पाए की तर्ज पर अपने सपनों का आशियाना देखने वालों का ख्वाब जल्द पूरा होने वाला है। शहर सहित दूर दराज से लोग यहां मकान की बुकिंग कराने पहुंच रहे हैं। इसके डायरेक्टर ने बताया कि यहां बहुत ही कम संख्या में मकान बचे हैं। यहां बनाए गए आवास एक बेहतर वातावरण और सौंदर्यीकरण से भरपूर है जो यहां रहने वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक है। इसकी सुंदरता लोगों को अपनी ओर खूब आकर्षित कर रही है। स्पाट बुकिंग पर आए लोग इसकी तारीफ करने से थक नहीं रहे। फेस्टिवल आफर चलाया जा रहा है। बुकिंग पर फ्री फाल सिलिंग की सुविधा है। फ्री माडयूलर किचन भी दिया जा रहा है। इसके अलावा 1 लाख रुपए तक का कैश डिस्काउंट भी कंपनी दे रही है। 3 बीएचके प्रीमियम लाइफ स्टाइल अपार्टमेंट है। रियल स्टेट की यहां सबसे अच्छा और फायदेमंद प्रोजेक्ट में से एक है। इसकी बनावट लोगों को खूब पसंद आ रहा है। इस कालोनी में बनाए गए घर में वे सभी सुविधा मौजूद है आज की चकाचौध जिंदगी में चाहिए। वाहन पार्किंग, बच्चों के खेलने और पूजा पाठ के लिए मंदिर की व्यवस्था है। 24 घंटे पानी, बिजली व सुरक्षा की व्यवस्था की गई है। उच्च क्वालीटी के निर्माण सामग्री का उपयोग किया गया है। जो एक मजबूत और टिकाऊ है। इसकी बेहतर गुणवत्ता चौड़ी सड़कें, हरे भरे वृक्ष व पौधे इसकी सुंदरता को और भी अधिक सुशोभित कर रही है। सड़क की आकर्षक लाइट व गार्डन लोगों को खूब पसंद अर रहे हैं। तो फिर देर किस बात की बिना देर किए अपना सपना का आशियाना बुक कराए और फेस्टिवल आफर का लाभ उठाए। विजिट के लिए हमारे कंपनी के लोग हमेशा तैयार है।





एजुकेशन प्लस

प्रयास पब्लिक स्कूल में छात्र प्रतिनिधियों ने ली शपथ

बिलासपुर। प्रयास पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेंद्र चावला रहे। उनकी उपस्थिति में विद्यालय के नव-निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों ने अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों के निर्वहन की शपथ ली। विद्यालय में लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपने छात्र प्रतिनिधियों का चयन किया। इसमें हेड बॉय प्रद्युमन, हेड गर्ल पिनल, वाइस हेड बॉय मयंक तथा वाइस हेड गर्ल अंशिता निर्वाचित हुए। वहीं अनुशासन प्रमुख चेतना एवं कोमल का चयन किया गया। मुख्य अतिथि राजेंद्र चावला ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन, निरंतर मेहनत और सही दिशा अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि मोबाइल का उपयोग आवश्यकता के अनुसार ही किया जाना चाहिए और पुस्तक पढ़ने की आदत को विकसित करना चाहिए। परीक्षा में सफलता मोबाइल से नहीं, बल्कि पुस्तकों के अध्ययन, ज्ञान और मेहनत से प्राप्त होगी। संस्था के चेयरमैन डॉ. सचिन यादव ने मुख्य अतिथि श्री चावला के प्रेरणादायी मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि व्यक्ति जीवन में किसी भी मुकाम पर पहुंच जाए, अनुशासन उसके व्यक्तित्व और सफलता का आधार बना रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्या शांति मानिकपुरी ने किया। कोऑर्डिनेटर विक्की सोनी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ. पद्माकर मौजूद थे।



गांधी जयंती पर कर्नल एकेडमी में विशेष आयोजन

बिलासपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कर्नल एकेडमी स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनीश सिंह, डॉक्टर आरएस शर्मा और कमांडर संदीप मुरारका अतिथि थे। इनका कैप्टन आरके त्रिपाठी, डॉ गीता त्रिपाठी ने आत्मीय स्वागत किया। विद्यार्थियों द्वारा गांधी जयंती के महत्व पर प्रस्तुति, दांडी मार्च पर आधारित लघु नाटिका एवं नृत्य, देशभक्ति गीत तथा अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिसकी अतिथियों ने जमकर सराहना की। उन्होंने बच्चों को कल का भविष्य बताया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे पढ़ लिखकर एक अच्छे नागरिक बने। विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और देशप्रेम के संदेश को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने गांधीजी के आदर्शों को जीवन में अपनाने तथा जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। शिक्षकों द्वारा विशेष गीत की प्रस्तुति भी दी गई, जिसे सभी सराहा। एमडी कैप्टन आर के त्रिपाठी तथा डायरेक्टर डॉक्टर गीता त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को राष्ट्रहित, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूक किया। विद्यालय के प्राचार्य संजय साहू ने वोट ऑफ थैंक्स प्रस्तुत किया।



हरिभूमि

बिलासपुर, शनिवार 3 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



किताब-कॉपी से सजेगा मां का दरबार, रथ में होगा आगमन

नवरात्रि का पर्व नजदीक आते ही शहर में दुर्गा पूजा की तैयारियां जोर पकड़ने लगी हैं। बंगाल के बाद बिलासपुर में भी दुर्गोत्सव की अपनी अलग पहचान है। शहर में पिछले कई दशकों से दुर्गा माता की आराधना भव्य स्वरूप में की जाती रही है। समय के साथ पूजा समितियां हर वर्ष कुछ नया और आकर्षक करने का प्रयास करती हैं। इस बार भी शहर की विभिन्न दुर्गा समितियों ने श्रद्धालुओं को आकर्षित करने के लिए अलग-अलग थीम और धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों की तैयारी की है।

50वें वर्ष पर दुर्गोत्सव की खास तैयारी, डीजे-धुमाल, कर्मा व जगराता से गूंजेगा शहर







हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खास बात यह है कि चंद्रशेखर आजाद तेलीपारा और मध्यनगरी दुर्गोत्सव समिति अपने आयोजन के 50वें वर्ष में प्रवेश कर रही हैं। इसके चलते दोनों समितियों द्वारा विशेष तैयारियां की जा रही हैं।

दुर्गोत्सव केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि शहर की सामाजिक और सांस्कृतिक एकजुटता का भी प्रतीक बन चुका है। अलग-अलग मोहल्लों और समितियों द्वारा अपनी-अपनी परंपरा, थीम और आयोजन के माध्यम से पर्व को खास बनाने की तैयारियां की जा रही हैं। इस बार शिक्षा, धार्मिक प्रसंग और भव्य माता आगमन जैसी थीम श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

मध्यनगरी में शिव-पार्वती विवाह की झलक

मध्यनगरी दुर्गोत्सव समिति के चिटुटु अवस्थी ने बताया कि द्वारा इस वर्ष पंडाल को शिव-पार्वती विवाह की थीम पर सजाया जा रहा है। पंडाल में भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह प्रसंग को आकर्षक रूप में प्रस्तुत करने की तैयारी है। धार्मिक प्रसंगों और सजावट के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की दिव्य झलक देखने को मिलेगी। 50वें वर्ष के अवसर पर समिति द्वारा पूजा और अन्य कार्यक्रमों को भी विशेष रूप देने की तैयारी की जा रही है।

श्रीलंका के भद्रकाली अम्मन मंदिर पर सज रहा पंडाल

चंद्रशेखर आजाद दुर्गोत्सव समिति के ओम कश्यप ने बताया कि मूर्ति बंगाल के मूर्तिकार गणेश पाल द्वारा चांपा में बनाई जा रही है, मूर्ति पूर्ण रूप से श्रृंगारिक रहेगी जिनमें उन्हें पारंपरिक वेषभूषा के अनुसार साड़ी एवं गहनों से साज सज्जा की जाएगी। माता जी के गहनों को मुंबई से मंगाया गया है। पंडाल कोलकाता के टेंट वाले एवं उनके आर्टिस्टों द्वारा तैयार किया जाएगा,पंडाल का इंटीरियर श्रीलंका के भद्रकाली अम्मन मंदिर के थीम में बनाया जा रहा है। शेर, हाथी, घोड़ा, नाव, डोली आदि वाहनों से पंडाल को सजाया जा रहा है।

पंडाल के दोनों ओर 80 फीट का भव्य गेट बनेगा जो कि साउथ इंडियन थीम में रहेगा जिसने एक तरह के गेट में 20 फीट के गणेश भगवान वहीं दूसरी तरफ के गेट में 20 फीट के कार्तिकेय माता रानी के पंडाल में द्वारपाल की तरह दिखाई देंगे। साथ में पूरे रोड में कोलकाता के आकर्षक चंदननगर के थीम में लाइटिंग होगी। बस स्टैंड के पास मैदान में फन वर्ल्ड मेला भी लगाया जा रहा है जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को झूले का आनंद भी मिलेगा। माता रानी का आगमन 12 अक्टूबर को किया जाएगा जिसमें खास पुणे से से डीजे ऑर्केस्ट्रा बुलाया गया है साथ ही दुर्ग से धुमाल पार्टी, बिलासपुर का प्रसिद्ध बैंड पार्टी, बस्तर से मांडरी बाजा एवं गेड़ी नृत्य, कोरबा से कर्मा बाजा एवं नृत्य, मुंगेली का राउत बाजा बेलतरा के प्रसिद्ध रामायण भजन मंडली की प्रस्तुति दी जाएगी।

किताब-कॉपी से सजेगा मां का दरबार, शिक्षा का संदेश

मसानगंज नवयुवक दुर्गोत्सव समिति के अक्षय शुक्ला ने बताया कि हर वर्ष अपनी अलग थीम और सजावट के लिए जानी जाती है। इस बार समिति ने शिक्षा को केंद्र में रखते हुए मां दुर्गा के दरबार को किताब और कॉपी से सजाने का निर्णय लिया है। पंडाल की सजावट के माध्यम से बच्चों और युवाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया जाएगा। समिति का प्रयास है कि धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सरोकार का संदेश भी श्रद्धालुओं तक पहुंचे। मां के दरबार में किताब-कॉपी की सजावट श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगी। विसर्जन के पश्चात स्टेशनरी समानों को शासकीय स्कूल के बच्चों को वितरित कर दिया जाएगा।

नवरात्रि में उत्सव के रंग में रंगेगा शहर

नवरात्रि के नौ दिनों में शहर का माहौल पूरी तरह उत्सवमय हो जाता है। शहर के अलग-अलग इलाकों में सजे आकर्षक पंडाल, विद्युत सजावट, धार्मिक आयोजन और माता के जयकारों से वातावरण भक्तिमय नजर आता है। विभिन्न समितियों द्वारा डीजे, धुमाल, जगराता, कर्मा नृत्य सहित धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। हर वर्ग के श्रद्धालु वर्षभर नवरात्रि का बेसब्री से इंतजार करते हैं। यही वजह है कि नवरात्रि शुरू होने से पहले ही शहर में उत्साह और उमंग का माहौल दिखाई देने लगा है।

रथ में सवार होकर आएंगी मां दुर्गा

गोलबाजार नवयुवक दुर्गोत्सव समिति के अध्यक्ष महावीर ठाकुर ने बताया कि माता का आगमन हर वर्ष विशेष आकर्षण का केंद्र रहता है। इस बार समिति द्वारा माता दुर्गा को रथ में सवार कर भव्य तरीके से लाने की तैयारी की जा रही है। माता के आगमन के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। रथ यात्रा को लेकर समिति के सदस्यों में भी खासा उत्साह है। डीजे,कर्मा नृत्य व आकर्षक आतिशबाजी से स्वागत किया जाएगा।

आयोजन

रोशनी, संगीत, नृत्य के जरिए नमो सेवा गाथा' की भावपूर्ण प्रस्तुति



बिलासपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत कृषि महाविद्यालय, कोनी के ऑडिटोरियम में 'नमो सेवा गाथा' पर आधारित लाइट एंड साउंड कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्कृति विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से 'गुरतुर लोक सेवा संस्थान' द्वारा प्रस्तुत इस एक घंटे के कार्यक्रम में रोशनी, संगीत और नृत्य के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन और राष्ट्र सेवा के प्रसंगों को जीवंत किया गया।प्रस्तुति में गुजरात भूकंप, कोविड राहत, आतंकवाद व नक्सल उन्मूलन, अनुच्छेद 370 को हटाने, सर्जिकल स्ट्राइक और 2047 तक 'विकसित भारत' के संकल्प जैसे प्रमुख विषयों को शामिल किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में चल रही सुशासन व जनकल्याणकारी योजनाओं की झलक भी दिखाई गई। कार्यक्रम में विधायक धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल व सुशांत शुक्ला, महापौर श्रीमती पूजा विधानी, क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल और कृषि महाविद्यालय के डीन एन.के. चौरे सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक व दर्शक उपस्थित थे।

कार्यक्रम

नागरिक सुरक्षा वेलफेयर फाउंडेशन ने किया वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान

बिलासपुर। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बिलासपुर पुलिस विभाग की सहायक पुलिस महानिरीक्षक सुरेशा चौबे के नेतृत्व हुआ। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठजनों के प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक सुरेशा चौबे ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अजय कश्यप, अरविंद साहू , ममता सोनी, शायमा साहू, संजय वर्मा जिला सचिव, जितेन्द्र ताम्रकार उपाध्यक्ष, डॉ ज्योतिष सहसचिव की सक्रिय सहभागिता रही।



आयोजन

लायंस क्लब स्माइल ने किया सफाई कर्मचारी दीदियों का सम्मान

बिलासपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल द्वारा सेवा एवं स्वच्छता के प्रति समर्पण का संदेश देते हुए सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया गया। जूना बिलासपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में सफाई कर्मचारियों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। क्लब की अध्यक्ष रीता राजगीर, सचिव दीप्ति लता साहू, कोषाध्यक्ष डॉक्टर ज्योति नामदेव एवं डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन डॉक्टर सुरभि राजगीर सहित क्लब के सदस्यों की उपस्थिति रही। सम्मानित होने वाले में संध्या, छाया, ममता, दीपू, आरती दीदियों का सम्मान किया गया।



नोटों की पंखुड़ियों से खिला 'समृद्धि का गुलदस्ता'और हुआ नेतृत्व

बिलासपुर। महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह के तहत होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में शुकवार को समृद्धि का बुके बनो प्रतियोगिता के साथ ही नेतृत्व का सम्मान किया गया। जिसमें नोटों की पंखुड़ियों से खिला 'समृद्धि का गुलदस्ता'और पूर्व अध्यक्षों का समान कर नेतृत्व की कला का सम्मान किया गया।

समृद्धि और खुशहाली का संदेश देने के लिए महिलाओं ने फूलों की जगह नोटों से गुलदस्ता तैयार किया। अलग-अलग मूल्य के नोटों को आकर्षक तरीके से सजाकर बनाए गए इस बुके ने कार्यक्रम ने लोगों का ध्यान खींचा। महिलाओं ने रचनात्मकता का परिचय देते हुए नोटों को फूलों की पंखुड़ियों और पत्तियों के आकार में सजाया और इसे खूबसूरत बुके का रूप दिया। जिसमें महिला, पुरुष और बच्चो के लिए विविध मनोरंजक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी कड़ी में अग्रसेन भवन में कई आकर्षक कार्यक्रम हुए। जिसमे समृद्धि का गुलदस्ता सजाओ प्रतियोतिका मुख्य आकर्षण रही। वर्तमान पदाधिकारियों और सदस्यों ने पूर्व अध्यक्षों को सम्मानित करते हुए उनके नेतृत्व और संगठन के प्रति समर्पण की सराहना की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पूर्व नेतृत्व के अनुभव और मार्गदर्शन से संगठन को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। सम्मान समारोह में सभी ने पूर्व अध्यक्षों के योगदान को महत्वपूर्ण बताया।

कार्यक्रम में अग्रवाल सभा अध्यक्ष शिवकुमार अग्रवाल, सचिव सुनील सोंथलिया, जयंती समारोह अध्यक्ष भोलाराम मिलल, सचिव नितिन बेरीवाल, नवयुवक समिति अध्राम चंचल अग्रवल विवेक मित्तल, अमित लोहिया, सूर्यकांत जाजोदिया, अभिषेक सोंथलिया अमेष बुधिया, नवीन जाजोदिया, रूपक जाजोदिया, कमलेश निशानिया, उमेश मुरारका का योगदान रहा।



अग्रवाल नवयुवक व महिला समिति का आयोजन



अग्रसेन भवन में बच्चों ने दिखाई चित्रकारी की प्रतिभा

अग्रसेन भवन में शुक्रवार को चित्रकला एवं रंग भरो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता तीन वर्गों में आयोजित हुई। प्रथम वर्ग में नर्सरी से कक्षा पहली तक के बच्चों ने रंग भरो प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस वर्ग के प्रतिभागियों को आयोजन समिति की ओर से शीट प्रदान की गई, जिसमें बच्चों ने अपनी पसंद के रंग भरकर रचनात्मकता दिखाई। द्वितीय वर्ग में कक्षा दूसरी से पांचवीं तथा तृतीय वर्ग में कक्षा छठवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया।

पूतना वध कालिया मर्दन का सुन्दर चित्रण कर गोवर्धन परिक्रमा के महत्व को बताया





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज के द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत महा पुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के 5 वें दिन व्यास पीठ से पंडित महेश तिवारी ने पूतना वध कालिया मर्दन का सुन्दर चित्रण कर गोवर्धन परिक्रमा के महत्व को प्रतिपादित किया। भगवान को 56 भोग भी लगाए गए पंडित महेश तिवारी ने भजनो के माध्यम से श्रोता गण को मंत्र मुग्ध कर दिया।

कथा में विशेष रूप से नगर विधायक अमर अग्रवाल पहुंच कर महराज से आशीर्वाद प्राप्त किया, उनके साथ भूपेन्द्र सवन्नी तथा जिला भाजपा के अध्यक्ष दीपक सिंह,पार्षद अमित तिवारी ने व्यास पीठ से आशीर्वाद लिया। रायपुर कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा पहुंचे साथ ही पूर्व अध्यक्ष अरुण शुक्ला एवं रजन अग्निहोत्री भी कथा श्रवण किए।

इस भागवत कथा के मुख्य यजमान कमलकांत बीनू तिवारी एवं राजेन्द्र वर्षा तिवारी, रीता तिवारी है। आयोजन समिति में अरविन्द दीक्षित, राजेश शुक्ला, प्रभात मिश्रा, मनोज तिवारी, राजा अवस्थी, जगदीश त्रिवेदी व अजय शुक्ला, मनोज शुक्ला, राजीव अवस्थी, राजन दीक्षित, पवन तिवारी सहित अन्य लोगों की सहभागिता है।

कार्नर न्यूज

पुलिस ने 18 लाख से अधिक नागरिकों तक पहुंचाया जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर पुलिस द्वारा 15 अगस्त से 2 अक्टूबर तक चलाए गए इस व्यापक जागरूकता अभियान के माध्यम से जिले के 18 लाख से अधिक नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार और साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।





गांधी जयंती पर 49 दिवसीय राज्य स्तरीय 'साइबर जागृति महाअभियान' का समापन

इस महाअभियान को सात सप्ताहों में विभाजित कर समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँच बनाई गई। पहले सप्ताह में विद्यार्थियों और युवाओं, दूसरे सप्ताह में बैंकिंग और वित्तीय संस्थाओं, तीसरे सप्ताह में वरिष्ठ नागरिकों, चौथे सप्ताह में महिलाओं और छात्राओं, पाँचवें सप्ताह में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, छठे सप्ताह में शासकीय संस्थाओं तथा सातवें सप्ताह में ग्रामीण व अर्धसैनिक क्षेत्र के नागरिकों को केंद्रित कर जागरूक किया गया।

अभियान के दौरान बिलासपुर पुलिस ने कई अनूठे नवाचार किए। आईजी रामगोपाल गर्ग एवं एसएसपी रजनेश सिंह के मार्गदर्शन में ऑनलाइन व ऑफलाइन साइबर संवाद आयोजित किए गए। इसके साथ ही साइबर जुम्बा, रक्षाबंधन पर 'साइबर रक्षा सूत्र', 'साइबर फ्रॉड मटका फोड़', 1,000 आकाशदीप प्रज्वलन (साइबर उड़ान), गणेश पंडालों में जागरूकता, रेडियो प्रसारण, नुक्कड़ नाटक, प्रश्नोत्तरी, विशेष गीत और साइबर ग्राम चौपाल जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से नागरिकों तक संदेश पहुँचाया गया। खिलाड़ियों और युवाओं को जोड़ने के लिए हॉकी, एथलेटिक्स, स्केटिंग, ताइक्वांडो और कराटे जैसी खेल गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं।

अभियान के दौरान डिजिटल गिरफ्तारी जैसे नए साइबर अपराधों के प्रति विशेष रूप से सतर्क किया गया और वास्तविक घटनाओं का उदाहरण देते हुए बताया गया कि कोई भी जांच एजेंसी या पुलिस अधिकारी वीडियो कॉल पर व्यक्ति को डिजिटल रूप से गिरफ्तार नहीं करता। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव और केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने भी इस अभियान में सहभागिता कर नागरिकों को सतर्क रहने का संदेश दिया। अभियान में 9 वर्षीय छात्र स्वास्तिक झा को उसकी साइबर जागरूकता के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

समापन समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों और सहयोगी संस्थाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बिलासपुर पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि वे किसी अनजान कड़ी पर क्लिक न करें, अपनी गोपनीय जानकारी, ओटीपी या पासवर्ड साझा न करें। साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 नंबर पर शिकायत दर्ज कराएं या नजदीकी पुलिस थाने में सूचना दें।

बिलासपुर टाइगर्स अगले राउंड में



हॉकी प्रीमियर लीग

हॉकी प्रीमियर लीग का पहला मैच जीतकर बिलासपुर टाइगर्स की टीम ने अगले राउंड में प्रवेश कर लिया है। शुक्रवार को स्थानीय पुलिस मैदान में बिलासपुर प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान एडिशनल एसपी पंकज कुमार पटेल, एडीएम वीरेन्द्र बहादुर पंच भाई, रक्षित निरीक्षक पुलिस लाइन भूपेन्द्र गुप्ता, हॉकी बिलासपुर के अध्यक्ष रोहित बाजपेयी, स्टार मल्टी वेंचर के सीईओ मिर्जा जुनैद बैग, मार्केटिंग हेड शेख अकरम, मिर्जा सोहेल बेग, अनिल कुमार पाठक, रविश गुलहरे, अशोक भंडारी, आशीष पाल, थे। जिला पुलिस प्रशासन चेतन प्रोग्राम के अंतर्गत सरदार वल्लभभाई पटेल को ट्रिब्यूट यह हॉकी प्रीमियर लीग प्रतियोगिता स्टार मल्टी वेंचर्स प्राइवेट कंपनी लिमिटेड की स्पॉन्सरशिप में आयोजित हो रही है। प्रतियोगिता में दो मैच खेले गए, जिसमें प्रथम मैच बिलासपुर टाइगर विरुद्ध बिलासपुर हीरोज के बीच खेला गया। बिलासपुर टाइगर्स ने इस संघर्षपूर्ण मुकाबले को 4-3 से जीता। इस मैच के मैन ऑफ़ द मैच ओंकार यादव रहे। दूसरा मैच बिलासपुर वॉरियर्स वर्सेस बिलासपुर पैंथर के बीच खेला गया, जिसे बिलासपुर वॉरियर्स ने 3-1 से जीतकर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया है। इस मैच के मैन ऑफ द मैच सागर सूर्यवंशी रहे, जिन्होंने दो गोल किए।

02- OCT -REGIONAL-pg-4-COMMAN_Layout 1 10/3/2026 12:17 AM Page 1

खबर संक्षेप

गांधी जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि



बोदरी। गांधी जयंती के पावन अवसर पर नगर पंचायत बोदरी के अंतर्गत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर हमारे बीच प्रमुख रूप से डॉ उमाशंकर कश्यप, राजेन्द्र डहरिया, पप्पू घृतलहरे जितेंद्र निर्णेजक सरपंच अशोक पाटले, सरपंच प्रतिनिधि परमेश्वर राजपूत, दिनेश राजपूत उपसरपंच प्रतिनिधि, धनंजय सन्नदय एवं दुर्गेश सन्नाट सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

कन्या स्कूल पचपेड़ी में मनाया गया स्वच्छता दिवस



पचपेड़ी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचपेड़ी में स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में सामूहिक भागीदारी का संदेश देना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुरेश खटकर, मन की बात जिला प्रभारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रमेश सूर्यकांत, अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा माना था। विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुर्रे ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता की शुरुआत स्वयं से होती है। इस अवसर पर राजेश गुप्ता, जी पी भार्गव, शिवकुमार सोनी ए मिंज, एस एस पटेल, व्ही एस ब्राह्मण, के के पटेल, सी एल गजभिये, सरिता मिश्रा, निशा एवं टंडन सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

गुरूजी इंस्टियूट में मनाई गई गांधी और शास्त्री की जयंती



बिल्हा। नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान गुरूजी इंस्टियूट में महात्मा गाँधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती बच्चो के साथ मनाई गई। जिसमे बापू और शास्त्री की फोटो पर माल्यार्पण करके दीप प्रज्वलित कर मौन धारण किया गया साथ ही साथ रघुपती राघव राजा राम भजन का भी गायन किया गया। संस्था के संस्थापक राहुल तिवारी नें गाँधी जी के विचारों को आज भी सभी के अंदर जीवित बताया और शास्त्री जी के सादगी भरे जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही संस्था के शिक्षण प्रमुख जयंत यादव नें स्वतंत्रता संग्राम मे गाँधी और शास्त्री के के योगदान के बारे मे बताया कार्यक्रम मे मुख्य रूप से नेहा यादव, जाग्रति, भूमि,रत्ना,रम्मला, ईश्वरी, निकिता, प्रियंका, नीरज, माधुरी, चंद्ररेखा, कुनाल, अंकुश, सूर्या, विनय, अमन, इंद्रजीत, मनीष आदि उपस्थित थे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत गाँधी जयंती पर चलाया गया स्वच्छता अभियान



लोरमी। सेवा संकल्प अभियान के तहत गाँधी जयंती के अवसर पर मेडिकल टीम के द्वारा गाँधी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। महात्मा गाँधी ने स्वच्छता को विशेष महत्त्व दिया था इसलिए उनकी जयंती पर स्वच्छता अभियान के माध्यम से उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मेडिकल टीम ने कहा कि गाँधी जी सत्य एवं अहिंसा के पुजारी थे। उनका एकता भाईचारा का दिया गया संदेश मानव समाज के लिए अनुकरणीय है । उन्होंने स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई की गई, एवं स्वच्छता का सन्देश दिया गया। उस अवसर पर टीम के अध्यक्ष मिंटू छाबड़ा, राजेंद्र साहू, जितेंद्र राजपूत और डॉक्टर अशोक जायसवाल उपाध्यक्ष नगर पालिका, मेडिकल टीम के वरिष्ठ सदस्य राम गोपाल अग्रवाल उपस्थित थे।

कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई गांधी एवं शास्त्री की जयंती



तखतपुर। नगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव आत्मजीत सिंह मक्कड़, बी आर सिंगरौल, श्याम मूरत कौशिक, शैलेन्द्र निर्मलकर, अमित साहू, अजय देवांगन, दिनेश देवांगन, सुनील जांगड़े, बबलू पटेल, विकास गोस्वामी, रमन हुरा सहित अन्य उपस्थित रहे।

एनटीपीसी सीपत में गांधी जयंती पर सफाई मित्रों का सम्मान

गांधीजी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने मैं निभाएं सक्रिय भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

एनटीपीसी में 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई। महाप्रबंधक (इंजीनियरिंग) विकास खरे ने महात्मा गांधी एवं भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उपस्थित सभी सदस्यों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ सफाई मित्रों के योगदान को सम्मानित किया गया। संविदा श्रमिकों की सहभागिता, आपसी टीम भावना और भाईचारे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उनके लिए खेलकूद महोत्सव का आयोजन किया गया।

श्री खरे ने स्वच्छता में सहभागिता, स्वच्छ भारत, विकसित भारत' थीम पर आधारित स्वच्छता



पखवाड़े के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि सभी को अपने परिवेश को स्वच्छ रखते हुए गांधीजी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने दोनों महापुरुषों के योगदान, कार्यों और देश के प्रति समर्पण की भावना को याद करते हुए उनके विनम्र एवं सरल नेतृत्व का भी उल्लेख किया। इस अवसर पर लिंगम वेंकट रेड्डी, महाप्रबंधक (मेंटिनेंस), भक्त बत्सल पात्रा, प्रमुख (मानव संसाधन), अन्य वरिष्ठ अधिकारी, यूनियन एवं एसोसिएशन के सदस्य, एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी व सफाई मित्र बड़ी संख्या में सक्रिय रूप से शामिल हुए। सभी ने दोनों महान विभूतियों को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके देशहितकारी संदेशों को अपनाने और उन पर सतत आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

300 से अधिक श्रमिकों ने लिया हिस्सा

संविदा कर्मियों के लिए खेलकूद महोत्सव-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विकास खरे ने किया। यह आयोजन एनटीपीसी सीपत के उत्कृष्ट प्रदर्शन में संविदा श्रमिकों के महत्वपूर्ण योगदान को पहचान देने, उनके परिश्रम एवं समर्पण के प्रति आभार व्यक्त करने और उनके साथ सहभागिता की भावना को मजबूत करने की पहल है। खेलकूद महोत्सव के अंतर्गत संविदा श्रमिकों के लिए किक द बॉल, हिट द स्टंप, गोला फेंक, होल्ड द ब्रिक्स, बैक रेस सहित करीब 15 खेलों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में 300 से अधिक संविदा श्रमिकों ने भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य संविदा श्रमिकों की खेल गतिविधियों में भागीदारी को बढ़ावा देना तथा आपसी टीम भावना और भाईचारे को मजबूत करना था।

सफाई मित्रों का सम्मान

गांधी जयंती समारोह पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत 'स्वच्छता के लिए जनभागीदारी एवं जागरूकता' को केंद्र में रखते हुए सफाई मित्रों का सम्मान किया गया। महाप्रबंधक एवं अन्य विभागाध्यक्ष व वरिष्ठ अधिकारियों ने सफाई मित्रों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वच्छता कार्यों में उनके अमूल्य योगदान की सराहना की।



स्वच्छता ही सेवा, सेवा ही संकल्प के तहत विशेष स्वच्छता अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिल्हा

गांधी जयंती पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर पंचायत द्वारा स्वच्छ बिल्हा–सुंदर बिल्हा के संकल्प के साथ विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम 2 अक्टूबर को प्रातः 8 बजे गांधी चौक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा में माल्यार्पण, दीप प्रज्वलित कर, श्रीफल गुलाल अर्पित किया गया। वार्ड क्रमांक 4 स्थित स्थानीय मुक्तिधाम में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक धरमलाल कौशिक तथा क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर पंचायत बिल्हा अध्यक्ष वंदना जेण्ड्रे, उपाध्यक्ष सतीश शर्मा, सभापति मोहन ढोरिया, न.पं. बिल्हा के पार्षद, नगर के जनप्रतिनिधियों, नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता करते हुए स्वच्छता अभियान में श्रमदान किया। अभियान के दौरान मुक्तिधाम परिसर एवं आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया साथ ही पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से पौधरोपण का कार्य भी किया गया। उपस्थित लोगों ने पौधों की देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं नगर के प्रबुद्धजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के माध्यम से नगर पंचायत बिल्हा द्वारा स्वच्छता के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

जेएनवी में छात्र-छात्राओं ने ली स्वच्छता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, मल्हार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य पीसी झा द्वारा दोनों युगपुरुषों के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के साथ हुआ। स्वच्छ भारत दिवस के उपलक्ष्य में कक्षा 11 वीं के छात्र मास्टर उत्सव ने उपस्थित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को अपनाने का संकल्प दिलाया। जिसके बाद



विद्यार्थियों द्वारा प्रेरणादायी विचार प्रस्तुत किए गए। कक्षा 10वीं की छात्रा देसना ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और स्वावलंबन के सिद्धांतों पर सारगर्भित भाषण दिया। वहीं छात्रा कुमारी गौरिका ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के सादगीपूर्ण जीवन, देशप्रेम और 'जय जवान, जय किसान' के अमर नारे पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ बीके शर्मा ने दोनों विभूतियों के जीवन से जुड़े मानवीय मूल्यों, आदर्शों और समाज के प्रति उनके योगदान पर अपने विचार साझा किए। प्राचार्य ने सभी से शास्त्री जी के सादगीपूर्ण चरित्र और गांधी जी के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन पीसी साहू ने किया।



कलेक्टर ने गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन

मुंगेली। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने जिला कलेक्टोरेट परिसर में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया। देश को आजाद कराने में राष्ट्रपिता ने जो भूमिका निभाई, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर जीएल यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

बापू के विचारों से प्रेरणा लेकर लेना चाहिए गांव-नगर को स्वच्छ बनाने का संकल्प

सकरी। स्वच्छता केवल शासन या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। महात्मा गांधी ने स्वच्छता को स्वतंत्रता जितना ही महत्वपूर्ण बताया था उनके विचारों से प्रेरणा लेकर हमें अपने गांव, नगर और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने का संकल्प लेना चाहिए उक्त उदगार गांधी जयंती एवं सेवा संकल्प अभियान के अवसर पर सकरी के शासकीय महाविद्याल एवं शासकीय प्राथमिक शाला परिसर में आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में तखतपुर विधायक डॉ. धर्मजीत सिंह ने व्यक्त किया।



जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ माधवी संतोष वस्त्रकार ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान समाज में सेवा, समर्पण और सामूहिक सहभागिता की भावना को प्रोत्साहित कर रहा हैं। कार्यक्रम को भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विशाल विक्की सिंह, सकरी मंडल अध्यक्ष रवि मेहर, गनियारी मंडल अध्यक्ष विनोद यादव, सकरी जोन अध्यक्ष दिलीप कोरी, एमआईसी सदस्य महाबली कोसले, पार्षद प्रतिनिधि राजेंद्र रिंकू टंडन, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामचंद्र यादव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर राजकमल कश्यप, प्रकाश पाल, संजय यादव, जितेन्द्र सूर्यवंशी, मनोज साहू, रामचरण वस्त्रकार, टिकेश्वर कौशिक, सुरेश रात्रे, लक्ष्मीन साहू, अशोक ठाकुर, प्राचार्य डॉ. रुबी मिलहोत्रा, पीडी महंत, दामोदर शुक्ला, डॉ. यशवंत गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

रन ऑफ डीएवी के माध्यम से लोगों को किया सफाई के प्रति जागरूक

मस्तूरी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल वेद परसदा में प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी रन ऑफ दौड़ का आयोजन उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया।



कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में शारीरिक स्वास्थ्य, अनुशासन, एकता, राष्ट्रप्रेम एवं सामाजिक जागरूकता की भावना को विकसित करना रहा। विद्यालय परिसर से आयोजित दौड़ का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या श्वेता श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ विद्यालय प्रांगण से परसदा स्थित अटल चौक तक दौड़ पूरी की। जहां पर विद्यार्थियों द्वारा 'नमो सेवा गाथा' विषय पर प्रेरणादायी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने सेवा, समर्पण, राष्ट्रहित एवं सामाजिक जिम्मेदारी जैसे महत्वपूर्ण संदेशों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। नुक्कड़ नाटक ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मस्तूरी थाना प्रभारी कपिल देव चंद्रा, द्वारा विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनसमुदाय को साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत महत्वपूर्ण जानकारी दिया। रन फॉर डीएवी एवं जागरूकता कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण एवं प्रेरणादायी वातावरण में हुआ। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में स्वस्थ जीवनशैली, अनुशासन, सेवा भावना, राष्ट्रप्रेम एवं डिजिटल जागरूकता का संदेश प्रसारित किया।

जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने गांधीजी एवं शास्त्रीजी को किया याद

मुंगेली। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादूर शास्त्री की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी मुंगेली द्वारा शुक्रवार को श्रद्धा, सेवा और सामाजिक सरोकार से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत पुराना बस स्टैंड स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। तदउपरांत कांग्रेस भवन में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में आम नागरिकों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया।



रक्तदाताओं में सामाजिक सेवा के प्रति खासा उत्साह देखने को मिला। शिविर के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराने के साथ ही समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। रक्तदान करने पहुंचे लोगों का जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने उत्साहवर्धन करते हुए सम्मान किया। प्रत्येक रक्तदाता को वाटर बॉटल, ईयर फोन एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में थानेश्वर साहू, आत्मा सिंह क्षत्रिय, श्याम जायसवाल, रोहित शुक्ला, दिलीप बंजारा, दीपक गुप्ता, संजय यादव, अरविंद वैष्णव, विनय चोपडा, अभिलास सिंह, श्रीठाकुर, अनिता विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता और आम नागरिक उपस्थित रहे।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता का संदेश देते हुए किया श्रमदान

लोरमी। सेवा संकल्प अभियान के तहत एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर भाजपा मंडल डिंडोरी द्वारा ग्राम साल्हेघोरी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री विनय साहू, जिला पंचायत सदस्य अनीता साहू, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र साहू, उपाध्यक्ष अन्नपूर्णा साहू, महामंत्री जन्मेजय जायसवाल, जनपद सदस्य प्रतिनिधि कुलेश्वर साहू, किसान मोर्चा जिला महामंत्री संतोष शर्मा विशेष रूप से गरिमामयी उपस्थित ती उपस्थित रही। विनय साहू ने कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणजनों के साथ मिलकर हाई स्कूल मैदान एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साल्हेघोरी के प्रांगण में श्रमदान किया।। मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र साहू ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के प्रति सेवा, सहभागिता और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने का माध्यम है। जिला पंचायत सदस्य अनिता कोमल साहू ने कहा महात्मा गांधी ने स्वच्छता को विशेष महत्व दिया था, इसलिए उनकी जयंती पर स्वच्छता अभियान के माध्यम से उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में अशोक साहू, सुनयना साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष रघुवीर साहू, उपाध्यक्ष दीनू पटेल, उत्तम लोनिया, योगेश साहू, पप्पू ध्रुव, महामंत्री देवराज यादव, मंत्री सूरज जायसवाल, बूथ अध्यक्ष चंद्र कुमार साहू, अश्विनी साहू, मनोज पांडे, अनिल सेन, जेठू साहू, बलीराम साहू, मनोज यादव, हीरा बाई साहू आदि मौजूद थे।



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय में बापू शास्त्री की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित

लोरमी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' लाल बहादुर शास्त्री की पावन जयंती के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा उनके छाया चित्र में पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण अर्पित कर जयंती मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पुराना अस्पताल परिसर पहुंचकर बापू की प्रतिमा पर श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की। इसके पश्चात महापुरुषों के आदर्शों और बापू के बताए मार्ग पर चलने का सभी ने संकल्प लिया। इस अवसर पर



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लल्ला सिंह ठाकुर के नेतृत्व में प्रमुख रूप से वरिष्ठ नेता पवन अग्रवाल, विद्यानंद चंद्राकर, प्रदीप कुमार दुबे, शहर मंडल अध्यक्ष नितेश पाठक, लालपुर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र लहरे, बाघमार मंडल अध्यक्ष हेमिन मंगेशकर, पार्षद शशांक वैष्णव, बिंदु यादव, गंगा प्रसाद कश्यप, शान सोनी, कृष्णा सोनी, अभिलाष जायसवाल मनोज कुमार शर्मा, प्रकाश भास्कर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

सर्वधर्म प्रार्थना सभा में शामिल हुए स्काउट्स एवं गाइड्स

मुंगेली। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ के तत्वाधान में 2 अक्टूबर गांधी जयंती एवं शास्त्री जयंती के उपलक्ष्य में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुंगेली में आयोजित प्रार्थना सभा कार्यक्रम में मां भारती एवं मां सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीपक प्रज्वलन तथा राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्मरणोत्सव के रूप में संपूर्ण वंदे मातरम गान के साथ कार्यक्रम प्रारंभ की गई। जहां उपस्थित अतिथि गणों का तिलक लगाकर व स्कार्फ पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। सर्वधर्म प्रार्थना सभा में स्काउट गाइड द्वारा अंगीकार किए गए कुल 10 प्रार्थना गीतों का गायन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे शिक्षक संतोष कुमार यादव एवं जिला कोषाध्यक्ष मुंगेली ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, शांति और सर्वधर्म समभाव के संदेशों को याद करने और उसे अपने जीवन में उतारने के लिए प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाता है। डीएमसी अशोक सोनी, बीईओ विमित्र घृतलहरे एवं जगदीश देवांगन के द्वारा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ मुंगेली की आजीवन सदस्यता ग्रहण की गई। जिला संघ के अध्यक्ष जेठमल कोटडिया द्वारा सभी को शुभकामना संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यक्रम के मुख्य अभ्यागत पदेन जिला आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी एम एल पटेल, जिला अध्यक्ष जेठमल कोटडिया, जिला मुख्य आयुक्त राणा प्रताप सिंह ठाकुर, संतोष कुमार यादव, जिला मुख्यालय आयुक्त एवं डीएमसी अशोक सोनी, पदेन जिला सह आयुक्त एवं विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी मुंगेली विमित्र घृतलहरे, आजीवन सदस्यगण चंपालाल सुथार, प्रवीण वैष्णव, जगदीश देवांगन, अशोक गुप्ता, कमल सोनी, अरविंद केसरवानी, सुशील शुक्ला, जयकुमार ताम्रकार, नरेंद्र श्रीवास्तव, जय बहादुर खांडेकर, मोनू बेलदार, देवेंद्र पांडेय आदि मौजूद थे।



सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री जे.पी. सिंह द्वारा Palm Enclave, चांटीडीह, सरकंडा, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) स्थित पाम इनक्लेव ब्लॉक D, फ्लैट नंबर 404 को क्रय किया जा रहा है, जिसकी खरीद/पंजीयन प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जाएगी।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक अथवा अन्य किसी पक्ष को किसी प्रकार की आपत्ति, दावा, अधिकार या हित हो, तो वे इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 (सात) दिवस के भीतर अपने समस्त दस्तावेजों एवं प्रमाणों सहित नीचे दिए गए पते पर संपर्क कर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें।

7 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्राप्त किसी भी आपत्ति/दावे पर विचार नहीं किया जाएगा तथा संपत्ति का क्रय-पंजीयन नियमानुसार किया जाएगा।

नेहा वर्मा
अधिवक्ता
सरकण्डा, बिलासपुर
मो. 9713178847

विधायक अटल के प्रयास से 5 करोड़ के विकास कार्य स्वीकृत

कोटा। कोटा विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को गति देते हुए विधायक अटल श्रीवास्तव के प्रयासों से क्षेत्र में लगभग 5 करोड़ रुपए के विकास कार्यों को स्वीकृति मिली है।



इनमें विधायक निधि से 2 करोड़ रुपए 60 लाख, डीएमएफ मद से 2 करोड़ रुपए तथा अधोसंरचना विकास मद से 40 लाख रुपए के कार्य शामिल हैं। विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि कोटा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है। क्षेत्रवासियों की मांग और स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सामुदायिक भवन, सीसी रोड, पुलिया, बोर खनन, पानी टैंकर, मंच-शेड एवं मुरूमीकरण सहित अनेक विकास कार्यों को स्वीकृति दिलाई गई है। सामुदायिक भवन निर्माण : ग्राम नगचुआ, खरगहनी, खैरा, बानाबेल, नेवसा, कोटा वार्ड क्रमांक-8, सराईपाली, नवागांव सल्का एवं रतनपुर में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इन भवनों से ग्रामीणों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक आयोजनों के लिए सुविधा मिलेगी। जल निकासी एवं आवागमन की समस्या के समाधान के लिए कार्यों की स्वीकृति दी गई है।

सीसी रोड निर्माण

क्षेत्र के अनेक गांवों में आवागमन की सुविधा बेहतर करने के लिए सीसी रोड निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें परसापानी, अमाली, चपोरा, आमागोहन, सुखेना, मोहली, कलारतराई, धनरास, तेंदुआ, कुसमूली, सेमरिया, कोनवरा, सिरसहा, करहीकछार, उमरिया, मझवानी, कुरदूर, बछालीखुर्द, मनपहरी, पीपरतराई, सेकर, लिटिया, नागचुवा, चंगोरी, कुरूवार, बरपाली, कंचनपुर, मटसगरा, डिंडोल, कुवारीमुड़ा, सल्का, नेवसा, मोहतरा, नवागांव सल्का, शिवतराई, करगीकला, नवागांव, मोहदा, तेंदुभाठा, गोबरीपाठ एवं सारबहरा सहित अन्य ग्राम शामिल हैं।

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

खबर संक्षेप

नगरवासियों ने श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश



लोरमी। नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा घटक के 1 अक्टूबर को नगर के नहर रोड से पेट्रोल पंम्प तक व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में नगरवासियों के साथ-साथ सामाजिक एवं व्यावसायिक संगठनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया।अभियान के दूसरे दिन योग साधक समिति, राईस मिल संघ, शिवनगर गणेश उत्सव समिति, किराना व्यवसायी संघ एवं शिवशक्ति गणेश उत्सव समिति की प्रमुख व सराहनीय सहभागिता रही। इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, उपाध्यक्ष डॉ अशोक जायसवाल, भाजपा प्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंत्री विनय साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिनेश साहू, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र साहू, जवाहर जायसवाल, वार्ड पार्षद राजेन्द्र सलूजा, सोहन डड़सेना, एल्डरमैन अमिताभ तिवारी, मिंटू अग्रवाल, विनोद राजपूत, पार्षद प्रतिनिधि छेदू यादव, बनवारी लाल अग्रवाल, शिव लाल ध्रुव, अशोक जायसवाल, कमलेश श्रीवास, मोटू गुप्ता, महेंद्र खत्री, सुनील शर्मा, प्रतीक शर्मा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी चंदन शर्मा, इंजीनियर जयंत साहू सहित नगर पालिका के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित रहे।

बेटियों ने विकसित भारत निर्माण पर दिया भाषण



लोरमी। स्थानीय विधायक एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मानस मंच में सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित विकासखंड स्तरीय भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता छात्राओं को सम्मानित किया। समारोह में स्कूल की चार बेटियों ने विकसित भारत के निर्माण विषय पर अपने विचार रखे। उनके भाषणों में विकसित और आत्मनिर्भर भारत की सुंदर तस्वीर दिखाई दी। श्री साव ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। सेवा संकल्प अभियान युवाओं को अच्छे और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करने एक महीने का अभियान है। इसका उद्देश्य समाज में जागरूकता बढ़ाना और नागरिकों को देश के विकास में अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करना है, जिससे युवा आगे बढ़कर देश का नेतृत्व करें। श्री साव ने बताया कि लोरमी के 11 गांवों में प्राथमिक स्कूल भवनों के निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की गई है। हाई स्कूलों को बेहतर सुविधाओं से लैस करने के लिए 5 करोड़ रुपए दिए गए हैं। वहीं नगर पालिका क्षेत्र में विद्यार्थियों और युवाओं को बेहतर अध्ययन सुविधा देने के लिए नालंदा परिसर का निर्माण किया जा रहा है।

स्वस्थ हृदय के लिए जीवनशैली में बदलाव की दी जानकारी



मस्तूरी। सेवा संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम सुकुलकारी एवं चिल्हाटी में आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समुदाय के लोगों को विश्व हृदय दिवस के अवसर पर हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। ग्रामीणों को हृदय रोगों से बचाव, संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व की जानकारी दी गई। स्वास्थ्यकर्मियों ने बताया कि हृदय को स्वस्थ रखने के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार, नियमित शारीरिक गतिविधि, तनाव नियंत्रण, पर्याप्त नींद तथा तंबाकू एवं अन्य हानिकारक पदार्थों से दूरी रखना आवश्यक है। साथ ही रक्तचाप एवं रक्त शर्करा की नियमित जांच कराने तथा स्वास्थ्य संबंधी किसी भी समस्या को नजरअंदाज नहीं करने की अपील की गई। इस अवसर पर बीएमओ डॉ. अनिल कुमार ने कहा, "सेवा संकल्प के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को समुदाय के और करीब लाने का प्रयास किया जा रहा है।

परसदा में स्वच्छता दीदियों का सम्मान और पौधरोपण



सकरी। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत ग्राम पंचायत परसदा में 1 अक्टूबर को 'एक तारीख, एक घंटा, एक साथ' अभियान के अंतर्गत स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत भवन एवं बाजार स्थल पर जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने श्रमदान कर साफ-सफाई की। जनपद पंचायत तखतपुर के सभापति अरुण सिंह चौहान, सरपंच एवं पूर्व सैनिक जगत राम साहू, उपसरपंच सुनील यादव, विनोद यादव, जागेश्वर यादव, मोहन पाटले, कैलाश वस्त्रकार सहित अन्य गणमान्य नागरिक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला समूहों की सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

कलेक्टर बोले- पंचायत केवल निर्माण एजेंसी बनकर न रहे

हर ग्रामीण ग्रामसभा का सदस्य, गांव के विकास में निभाएं सक्रिय भूमिका



मस्तूरी। जिले की सभी 486 ग्राम पंचायतों में ग्रामसभाओं का आयोजन किया गया। कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल मस्तूरी जनपद की ग्राम पंचायत जयरामनगर में आयोजित विशेष ग्राम सभा में शामिल हुए।

ग्रामसभा में गांव के समग्र विकास, जल संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, आजीविका और पंचायत के आय-व्यय सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। कलेक्टर अग्रवाल ने ग्रामीणों को ग्राम सभा की ताकत बताते हुए कहा कि गांव का प्रत्येक ग्रामीण ग्राम सभा का सदस्य है और विकास से जुड़े निर्णयों में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत केवल निर्माण कार्य कराने वाली एजेंसी बनकर न रहे। ग्राम सभा यह भी देखे कि स्कूल, आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर तरीके से संचालित हों तथा शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। कलेक्टर ने जल संरक्षण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि "अनाज बाहर से मंगाया जा सकता है, लेकिन पानी नहीं। इसलिए गांव का पानी गांव में ही बचाना होगा।" उन्होंने किसानों को दलहन-तिलहन की खेती और हरी खाद के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया। युवाओं से कौशल बढ़ाकर खेती के साथ छोटे व्यवसाय और स्वरोजगार अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने नशामुक्ति एवं गांव में साफ-सफाई पर भी जोर दिया और ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने कहा कि गांव के लोग अपनी जरूरतों को सबसे बेहतर जानते हैं। इसलिए ग्रामीण सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

एक दिवसीय प्रशिक्षण में जैविक खाद एवं कीटनाशक बनाने की दी गई जानकारी



जरहागांव। एक दिवसीय कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रांत संयोजक अन्ना सपारे एवं सह-संयोजक जितेंद्र कुमार साहू मौजूद थे। श्री साहू ने जैविक खेती के महत्व और इसके व्यावहारिक उपयोग की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। अन्ना सपारे ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों एवं विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए जैविक आधारित खेती को भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला संयोजक गौकरण डिंडोले, रामेश्वर प्रसाद साहू सहित तीनों विकासखंडों से जैविक कृषि आधारित खेती एवं कृषि प्रशिक्षण में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इनमें विजय यादव, बलराज सिंह ठाकुर, उमेश कुमार साहू, जिला राम यादव, दीपक कुमार वैष्णव, शिवकुमार टंडन, नंदराम मरकाम, भीष्म नारायण खुसरो, सुभाष चंद्र चतुर्वेदी, धनसिंग दिवाकर, उत्तम सिंह सोलंकी, महेंद्र पटेल, रविकांत मनहर, दीपक ध्रुव, बुद्धू साहू, डालूराम साहू, सालिकराम साहू, गणेश बुनकर, गुमान साहू, धर्मेंद्र जांगड़े सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

- मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनाए रखने के साथ पर्यावरण संरक्षण पर दिया जोर

आज सेवा सेतु शिविर में शामिल होगे कौशिक

बिल्हा। नगर पंचायत द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सरलता से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सेवा सेतु अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 3 अक्टूबर शनिवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक वार्ड क्रमांक 05 स्थित सांस्कृतिक भवन, बिल्हा में आयोजित होगा। शिविर में नागरिकों को एक ही छत के नीचे विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत करने तथा समस्याओं का निराकरण कराने की सुविधा उपलब्ध होगी। शिविर में जन्म एवं मृत्यु पंजीयन, विवाह पंजीयन, भवन अनुज्ञा एवं नजूल संबंधी कार्य, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम स्वनिधि योजना, जलकर एवं संपत्तिकर संबंधी कार्य तथा पेयजल व्यवस्था से संबंधित आवेदन लिए जाएंगे।

अवैध रूप से देशी शराब का परिवहन कर रहे कोचिए गिरफ्तार

तखतपुर। अवैध रूप से देशी प्लेन शराब का परिवहन कर रहे दो युवकों को तखतपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं 59(क) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस के अनुसार गुरुवार रात मुखबिर से सूचना मिली कि दो युवक मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 10 सीबी 6406 में शराब लेकर तेंदुआ से बीजा की ओर जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस की टीम ने ग्राम बेलपान सोनबंधा मोड़ के पास घेराबंदी कर मोटरसाइकिल को रोका।

भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता में 140 प्रतिभागियों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन



कोटा। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोटा में संकल्प सेवा अभियान के तहत विकासखंड स्तरीय भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रबल प्रताप सिंह जूदेव प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ रहे। प्रतियोगिता में कोटा विकासखंड के 51 संकुलों से प्रथम आए विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ विकासखंड स्तर प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया, भाषण प्रतियोगिता में 70 प्रतिभागी और चित्रकला प्रतियोगिता में 70 प्रतिभागी कुल 140 प्रतिभागियों ने अपना प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मोहित जायसवाल जिला अध्यक्ष ग्रामीण भाजपा बिलासपुर, बजरंग जायसवाल मंडल अध्यक्ष कोटा, महराज सिंह नायक पूर्व मंडल अध्यक्ष सुलेश पांडे, निलेश भार्गव मंडल महामंत्री कोटा, नंदू छत्री एल्डरमेन, चंद्रकांत अग्रवाल जिला सहसंयोजक, मोहन कोरी अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा, मनीष कौशिक अध्यक्ष युवा मोर्चा, सूरज साहू जिला मंत्री युवा मोर्चा रहे। कार्यक्रम का अभिनंदन व आभार वाचन विकासखंड शिक्षा अधिकारी गोपाल कृष्ण दुबे के द्वारा किया गया। इस मौके पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य आशा दत्ता प्रभारी प्राचार्य अर्पणा लाल, प्रमोद शुक्ला विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवनीत तंबोली, संध्या जायसवाल, दीपिका रोज किंडो एवं सभी विजेता विद्यालय से आए हुए प्राचार्य, संकुल समन्वयक, प्रधान पाठक, प्रभारी शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संकुल कन्या कोटा समन्वयक राजकुमार कोरी के द्वारा किया गया।

अचानकमार टाइगर रिजर्व में वन्यजीवों के विकास थीम पर वन्यप्राणी सप्ताह का आयोजन



लोरमी। अचानकमार टाईगर रिजर्व में 02 अक्टूबर से 08 अक्टूबर तक जुड़े आवास-वन्जीवन के विकास थीम पर वन्यप्राणी सप्ताह का आयोजन किया जा रहा हैं। वन्यप्राणी सप्ताह के प्रथम दिवस 02 अक्टूबर को अचानकमार टाईगर रिजर्व के कोटा बफर परिक्षेत्र में ग्राम-शिवतराई, लोरमी बफर परिक्षेत्र के ग्राम सावंतपुर एवं लमनी परिक्षेत्र के ग्राम-लमनी में पैदल / साइकिल / बाईक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। वन्यप्राणी सप्ताह के दौरान साइकिल / बाईक रैली आयोजन का मुख्य उद्देश्य वन्यप्राणियों की संरक्षण, संर्वधन एवं उनके प्रति जनसामान्य में संवेदशीलता एवं जागरूकता बढ़ाना है। जागरूकता रैली कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी, परिक्षेत्र सहायक, परिसर रक्षक, पैदलगार्ड, एस टी पी एफ टीम, डॉग स्क्वायड टीम, वन प्रबंधन समिति के सदस्य, स्थानीय ग्रामीण एवं स्कूली छात्र-छात्रा उपस्थित रहें। जागरूक जन सहभागिता से अचानकमार टाईगर रिजर्व में बाघो की कुनबा बढ़ाने में बड़ी योगदान है। जनजागरूकता रैली आयोजन से आने वाले भविष्य में अचानकमार टाईगर रिजर्व में बाघ के साथ-साथ शाकाहारी तथा मांशाहारी वन्यप्राणियों की संख्या में वृद्धि होगी।

निधन

हरप्रसाद भूपेंद्र



मोपका। समीपस्त ग्राम गतौरा के प्रतिष्ठित नागरिक समाजिक कार्यकर्ता हरप्रसाद भूपेंद्र (गुड्डु) का गत दिनों 57 वर्ष के आयु में निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम गतौरा में किया गया। वे विक्की, दारा एवं भूपेंद्र के पिता थे।

राजकुमारी पमनानी



बिलासपुर। ए- 22 सोनगंगा चांटीडीह निवासी राजकुमारी पमनानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 3 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. डॉ.केडी पमनानी की पत्नी एवं गौरव पमनानी की माता थीं।

भाषण एवं चित्रकारी के माध्यम से विद्यार्थियों ने दिया का संदेश



संवाद करते हुए कहा कि दो हजार सौतलिश तक विकसित भारत का लक्ष्य माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है जिसमे हम सब को अपनी अपनी भागीदारी तय करनी है उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत विकसित भारत होगा। इस अवसर पर चित्रकला और भाषण के माध्यम से मेरे सपनों का विकसित भारत के बारे में विद्यार्थियों ने विचार व्यक्त किया है जो प्रसंशनीय है। उनके द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर प्रोत्सहित किया गया। कुल 96 बालक बालिका पुरष्कृत हुए । विकास खंड शिक्षा अधिकारी प्रतिभा मण्डलोई ने आभार व्यक्त किया ।

पथरिया। नगर के कन्या हाईस्कूल मैदान में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित करने शुक्रवार को विकास खण्ड स्तरीय कार्यक्रम किया गया। जिसमें मेरे सपनों का विकसित भारत विषय पर भाषण एवं चित्रकारी के माध्यम से विचार आमंत्रित हुए। आयोजन के मुख्यातिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक रहे एवं अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव ने की। मुख्य अतिथि श्री कौशिक ने विद्यार्थियों से

संकल्प सेवा यात्रा का जिले में स्वागत, निकली बाइक रैली



गौरेला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा एवं राष्ट्र निर्माण के 25 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वडनगर से वाराणसी जा रही जन जन संकल्प सेवा यात्रा का आज गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में भव्य स्वागत किया गया। यात्रा ने शुक्रवार को प्रातः 9 बजे शिव मंदिर, ओवरब्रिज गौरेला में जिले की पावन भूमि पर प्रवेश किया। यहाँ भाजपा जिला अध्यक्ष लालजी यादव मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची सेवा संकल्प भाजयुमो जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ दुबे के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने यात्रा का अभिनंदन किया। स्वागत कार्यक्रम के बाद भाजयुमो ने विशाल बाइक रैली निकाली। मल्टीपरपस स्कूल ऑडिटोरियम में आयोजित मंचीय कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व विधायक अवधेश चंदेल भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगर परिषद अध्यक्ष मुकेश दुबे सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पवित्र कलश व सेवायात्रियों का स्वागत



सरगांव। सेवा संकल्प अभियान के तहत जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा के मुंगेली जिला आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा पवित्र कलश और बाइक सवार सेवायात्रियों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान सेवा, समर्पण, जनभागीदारी एवं जनकल्याण का संदेश दिया गया। मुंगेली जिला के सरगांव आगमन पर यात्रा में शामिल पवित्र कलश एवं बाइक सवार साथियों का भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने यात्रा के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने तथा सेवा कार्यों में सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला, जगन्नाथ पाणिग्रही , पूर्व सांसद लखनलाल साहू, प्रदेश मंत्री हर्षिता पाण्डेय एवं भाजपा जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन इकाई ने किया पौधरोपण



बिल्हा। भगवान श्री अग्रसेन जयंती के स्वर्णिम समारोह के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, इकाई बिल्हा द्वारा सांस्कृतिक भवन परिसर, नगर पंचायत बिल्हा में पुनः पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा हरियाली और स्वच्छ वातावरण के निर्माण में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना रहा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिल्हा के लोकप्रिय विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माननीय धरमलाल कौशिक जी रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ प्रदेश क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, बिल्हा इकाई के अध्यक्ष प्रहलाद राय अग्रवाल ने की, बिल्हा इकाई महामंत्री सौरभ अग्रवाल (जेवर वाले), पौधरोपण कार्यक्रम के मुख्य संयोजक महेश बिंदल, उपस्थित विष्णु बिंदल , अग्रवाल सेवा समिति के अध्यक्ष सीए राजेश अग्रवाल, तारा बिंदल, पुरुषोत्तम बंसल संजीव अग्रवाल, नंद किशोर बंसल, तरुण बंसल, शिवम नौबतका, मनोज बंसल निपनिया, सतीश शर्मा, वन्दना जेंडरे, महेश मखीजा, कमल अग्रवाल, सोनू अग्रवाल उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों एवं अग्रवाल समाज के सदस्यों ने परिसर में विभिन्न पौधों का रोपण किया। उपस्थित सभी लोगों ने पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लेते हुए समाज के अन्य लोगों को भी अधिक से अधिक पौध लगाने के लिए प्रेरित किया।

पगड़ी रस्म

ॐ कृष्णाय वासुदेवाय, हरये परमात्मने ।
प्रणतः क्लेशनाशाय, गोविंदाय नमो नमः ।।



जन्म: 16 सितंबर 1965
निधन: 21 सितम्बर 2026

स्व. ओम प्रकाश अग्रवाल "टपलू"

पिता का साया सिर से उठ जाना,
जिन्दगी का सबसे बड़ा आघात है।
पर उनके दिये संस्कार और प्यार
हमेशा हमारे साथ रहेगा।
इसी विश्वास के साथ रस्म-ए-पगड़ी

4 अक्टूबर 2026 रविवार

स्थान: श्री हनुमान मंदिर, क्रांति नगर पार्क ,बिलासपुर

पगड़ी रस्म शाम 4:00 बजे

शोकाकुल

चाचा - राधाकिशन, सत्यनारायण,
राजेंद्र अग्रवाल-राजू, डॉ. अरुण अग्रवाल,
भाई - घनश्याम, अर्जुन अग्रवाल,
पुत्र - किंशुक, कान्हा अग्रवाल
समस्त मित्तल परिवार...

खबर संक्षेप

मारपीट के आरोपी को किया गिरफ्तार

बिलासपुर। जिला अस्पताल में अपनी भाभी को देखने गए देवर के साथ आरोपी ने शराब पीने के लिए रूपया मांगा और नहीं देने पर उसकी जमकर पिटाई कर दी। प्रार्थी ने घटना के बाद पुलिस से शिकायत की जिसके बार आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया है। मस्तुरी के ग्राम सरसेनी में रहने वाले कार्तिक वैष्णव पिता द्वारिका दास वैष्णव उम्र 21 साल शुक्रवार को जिला अस्पताल पहुचें थे। इस दौरान वह अस्पताल में भर्ती अपनी भाभी का हाल चाल जाने के लिए परिसर में खड़े थे, गार्ड रूम एक व्यक्ति पहुंचा और उसने शराब पीने के लिए रकम की मांग करने लगा। प्रार्थी ने रूपए देने से मना कर दिया। आरोपी ने मारपीट की। घटना से आहत युवक ने तारबहार थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को धरदबोचा है। पुलिस की पकड़ में आया आरोपी साजन सिंह पिता भरत सिंह उम्र 38 साल वार्ड क्र 11 भवानी नगर सिरगिट्टी का रहने वाला है।

पुत्र-वधू सम्मान के लिए आवेदन 10 तक

बिलासपुर। अखिल भारतीय कसौंधन वैश्य महासभा ट्रस्ट द्वारा पुत्र वधुओं को सम्मानित करने आवदेन 10 अक्टूबर तकमंगाया गया है। रमेश गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम मे भाग लेने के लिए नागोराव शेष स्कूल चौक करबला रोड जूना में कूरियर या फिर भारतीय डाक से पोस्ट कर सकते है। प्रवेश की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर है। चयनित बहुओं को सामाजिक मंच पर सम्मानित किया जाएगा।

सुबह शो-रूम के पास जलती मिली कार, हिर्री थाना क्षेत्र के अमसेना गांव की घटना

घर में घुसकर कैमरा और कार की चाबी लेकर भागे चोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हिर्री थाना क्षेत्र के ग्राम अमसेना में चोरों ने रात में घर को निशाना बनाकर पहले खिड़की का लोहे का ग्रिल उखाड़ा और घर के अंदर घुसकर 3 सीसीटीवी कैमरे और कार की चाबी चोरी कर ली, जिसके बाद घर के बाहर खड़ी रेनाल्ट क्विड कार लेकर फरार हो गए। कुछ देर बाद वही कार आयशर शो रूम के पास धूं धू कर जलती मिली, घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है।

ग्राम अमसेना निवासी ओम प्रकाश कौशिक सेट्रिंग का काम करता है और मामले में प्रार्थी है। उसने पुलिस को बताया कि 30 सितंबर की रात करीब 10 बजे खाना खाकर सोने चला गया। उनकी रेनाल्ट क्विड कार क्रमांक सीजी 15 डीएम 5418 रिश्तेदार राजकुमार कौशिक के घर के पास लॉक कर खड़ी की गई थी। अगली



सुबह करीब 7 बजे ओमप्रकाश की नजर किचन की खिड़की पर पड़ी इस दौरान लोहे का ग्रिल उखड़ा हुआ था। किचन के अंदर सामान बिखरा पड़ा था। घर की जांच करने पर बाहर और अंदर लगे कुल तीन सीसीटीवी कैमरे गायब मिले। फ्रिज के ऊपर रखी कार की चाबी भी नहीं थी। इसके बाद ओमप्रकाश तत्काल कार को देखने पहुंचें, लेकिन वहां से कार गायब थी। आसपास तलाश करने पर जानकारी मिली कि अमसेना स्थित आयसर शो रूम के बगल में उनकी कार जली हुई हालत में खड़ी है। मौके पर पहुंचने पर कार पूरी तरह जली अवस्था में मिली। प्रार्थी के मुताबिक अज्ञात व्यक्ति ने रात 10 बजे से सुबह 7 बजे के बीच घर में प्रवेश कर तीन सीसीटीवी कैमरे और कार की चाबी चोरी की। इसके बाद कार को चुराकर आयसर शो रूम के पास ले जाकर आग लगा दी। चोरी गई कार और अन्य सामान की कुल कीमत करीब दो लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब घटनास्थल और आसपास लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के जरिए आरोपियों की पहचान करने में जुटी है।

पुलिस को मामला संदिग्ध लग रहा है

खास बात यह है कि जिस समय चोरों ने घटना को अंजाम दिया, उस समय घर पर पूरा परिवार मौजूद था। ग्रिल निकालने और कीचन में बर्तन फैलने की घटना हुई है, लेकिन परिवार के सदस्यों को भनक तक नहीं लगी है। वहीं पुलिस अधिकारियों को लग रहा है कि जब चोरों ने कार चोरी की है तो उसे जलाने की जरूरत क्यों पड़ी, जबकि सीटीसीवी का कैमरा चोर ही लेकर चले गए है। वहीं प्रार्थी की शिकायत भी थाने में कई बार की गई है, ऐसे में किसी व्यक्ति द्वारा पुरानी रंजिश को भुनाने के लिए घटना को अंजाम दिया गया है।

जांच की जा रही है

अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल कोई सुराग नहीं लगा है, लेकिन जांच जारी है। अलग-अलग एंगल से जांच की जा रही है।

-दमोदर मिश्रा, टीआई, थाना हिर्री

मामूली विवाद के बाद विवाहिता ने की आत्महत्या

बिलासपुर। पति-पत्नि में मामूली कहासूनी के बाद विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी है। 5 माह पहले ही दोनों की शादी हुई थी, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। शव को देरी से लाने के कारण शुक्रवार को महिला का पीएम नहीं कराया जा सका है, ऐसे में शनिवार को परिजनों की उपस्थिति में पीएम किया जाएगा।



सरकंडा टीआई प्रदीप आर्य ने बताया कि सरकंडा क्षेत्र के अशोक नगर स्थित मकान में नवविवाहिता द्वारा आत्महत्या करने की सूचना मिली थी, पुलिस के पहुंचने तक परिजनों ने उसे पहले निजी अस्पताल पहुंचाया था, इसके बाद सिम्स ले जाया गया है। परिजनों के मुताबिक अशोक नगर निवासी रोजी पति फरहान खान रोज की तरह घर पर काम कर रही थी, इस दौरान उसने फरहान से आज की छुट्टी लेने की बात कही, जिसे टालते हुए पति फरहान खान सुबह 10 बजे अपने काम के लिए शो रूम के लिए निकल गया। पति के जाते ही रोजी ने अपने कमरे को पूरी तरह से बंद कर फांसी लगा दी, बहुत देर बाद जब दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों को कुछ शक हुआ और दरवाजे के नीचे से देखने पर रोजी की बॉडी पंखे से लटकती दिखाई दी। इस दौरान दरवाजा अंदर से बंद था। जिसके बाद घर में कोहराम मच गया। परिजनों ने जैसे तैसे दरवाजे को तोड़ कर बॉडी उतारी और तत्काल मार्क अस्पताल लेकर गए, लेकिन जांच के बाद डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, परिजन उसे सिम्स लेकर आए, जहां पीएम के लिए बहुत देर हो चुकी थी। सरकंडा पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

पेंड्रा की रहने वाली थी रोजी

बताया जा रहा है कि मृतका मूलतः पेंड्रा की रहने वाली है, 5 माह पहले ही उसकी अशोक नगर निवासी फरहान से शादी हुई थी। शादी के बाद से सब कुछ ठीक चल रहा था, लेकिन शुक्रवार को अचानक ऐसा क्या हुआ कि रोजी ने इतना बड़ा कदम उठा लिया है। परिजनों ने बताया कि गुरूवार की रात में लुथरा शरीफ में दोनों पति पत्नि शादी में शामिल हुए थे, ऐसे में उनके बीच आपसी विवाद की कौन सी ऐसी वजह थी कि उसे फांसी लगाने को मजबूर होना पड़ा है।

लूट के आरोपियों को पकड़ने के बाद लिखी एफआईआर

बिलासपुर। कोटा पुलिस ने लूट के आरोपियों को पकड़ने के बाद एफआईआर दर्ज करने का मामला सामने आया है। दरअसल 23 सितंबर को कोरी डैम घुमने गई युवती से अज्ञात आरोपियों के द्वारा लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था। कोटा पुलिस ने एसीसीयू टीम के साथ मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें एक नाबालिग शामिल है।

- मामले में 3 गिरफ्तार
- कोटा के कोरी डैम में हुई थी वारदात

मामले के अनुसार मुंगेली पदमपुर जरहागांव निवासी आकांक्षा मोहले पिता ललित कुमार मोहले 23 सिंतबर को बैंक ऑफ इंडिया के केवायसी के लिए कोटा पहुंची। इस दौरान उनका दोस्त साहिल साथ में था। बैंक का काम निपटाने के बाद



दोनों कोरी डेम घुमने का प्लान बनाया और डेम घुमने चले गए। इस दौरान 3 नकाबपोश अज्ञात युवकों 1.30 बजे डैम पहुंचे और मौका देख करीब 1.30 बजे युवती का बैग छीनने की कोशिश करने लगे, बीच बचाव में सामने आए साहिल के साथ आरोपियों ने मारपीट की और बैग छीन कर फरार हो गए। बैग में युवती के सर्टिफिकेट और मोबाइल के साथ ही अन्य दस्तावेज मौजूद थे। पुलिस ने मामले में लिखित शिकायत लेकर जांच शुरू की। पुलिस ने टेक्निकल जांच के आधार पर जांच शुरू की और इस दौरान पुलिस को खबर लगी कि 3 लोग स्कूटी से कोटा नाका चौक पर मोबाइल बेचने की फिराक में घुम रहे है। पुलिस ने युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जिसके बाद आरोपियों ने प्रार्थिया से बैग और मोबाइल लूटना स्वीकार कर लिया है। खास बात यह है आरोपियों के पकड़ाने के बाद कोटा पुलिस ने 1 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज की है। कहा जा सकता है कि घटना के 9 दिन बाद पुलिस एफआईआर दर्ज की है, जबकि मामले में लिखित शिकायत के 24 घंटे बाद रिपोर्ट लिखी जा सकती थी।

मामले में कुंवारीमुडा थाना कोटा निवासी आरोपी गुरजीत सिंह उर्फ बंटी पिता परविंदर सिंग उम्र 29 वर्ष, घासीपुर थाना रतनपुर निवासी रामजी यादव पिता मनहरण लाल यादव उम्र 38 वर्ष और नाबालिग को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों से 1 मोबाइल एवं बाइक क्रमांक सीजी 10 सीसी 7858 को जब्त किया है। आरोपियों को पकड़ने में निरीक्षक शशिकांत भारद्वाज, एसीसीयू प्रभारी गोपाल सतपति, एसआई कमल नारायण शर्मा, आरक्षक संजय श्याम, आरक्षक सुनील पटेल की विशेष भूमिका रही है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152



